◆ वर्ष - 35 ◆ अंक 60 ◆ www.skhnewstv.com ◆ 18 सितम्बर 2024 फिरोजाबाद ◆ पृष्ठ : 8 ◆ मूल्य : 1

दैनिक सच क्या है की प्रस्तुति
SKH NEWS
R.N.I.NO. 56725/89

# सच क्या है

(उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक)




अंदर के पेज
3 राजभवन में 74 क्षय रोगियों को गोद लेने का कार्यक्रम सम्पन्न
4 गणपति बप्पा को अंतिम दिन अश्रुपूरित आंखों से दी विदाई,अगले बरस का दिया निमंत्रण
5 पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते विकसित होते भारत को देखा है: योगी आदित्यनाथ
6 अल्लीपुर महाविद्यालय के छात्रों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रचा
7 जब व्यक्ति स्वच्छ रहेगा और वातावरण को स्वच्छ रखेगा तो देश आगे बढ़ेगा-प्रभारी मंत्री


## नाइजीरिया अपनी सेना के लिए भारत से खरीदेगा चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर 'प्रचंड'

### एचएएल के साथ जल्द ही समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद –नाइजीरियाई सेना के अधिकारियों ने एचएएल से प्रशिक्षण पूरा किया

नई दिल्ली, 17 सितम्बर (हि.स.)। नाइजीरिया अपनी सेना के लिए भारत से चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' खरीदने को तैयार है। नाइजीरियाई सेना के अधिकारियों ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की रोटरी विंग अकादमी में ध्रुव हेलीकॉप्टरों पर अपना प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। इस सौदे के बारे में नाइजीरियाई अधिकारियों के बीच चर्चा पूरी हो चुकी है और जल्द ही एक समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।



नाइजीरिया को अपने सैन्य अभियानों के लिए 12 ट्विन-इंजन अटैक हेलीकॉप्टरों की तलाश है। इसके लिए नाइजीरिया ने एचएएल, एयरबस और तुर्की एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज सहित कई वैश्विक कंपनियों के हेलीकॉप्टरों का मूल्यांकन किया है। इसके बाद नाइजीरियाई सेना ने एलसीएच 'प्रचंड' खरीदने में दिलचस्पी इसकी मारक क्षमता और आतंकवाद विरोधी क्षमताओं को बढ़ाने की वजह से दिखाई है। एचएएल का एलसीएच 'प्रचंड' अपनी बहुमुखी प्रतिभा और सिद्ध प्रदर्शन के लिए सबसे अलग है। नए हेलीकॉप्टर खरीदने के अलावा एचएएल प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से नाइजीरियाई सेना का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने पुष्टि की है कि एचएएल और नाइजीरियाई अधिकारियों के बीच चर्चा पूरी होने के बाद जल्द ही एक समझौते को अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। नाइजीरिया क्रेडिट व्यवस्था के जरिए भारत से चार लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर (एलसीएच) 'प्रचंड' खरीदने वाला पहला देश है। यह सौदा अंतरराष्ट्रीय रक्षा साझेदारी में एक मील का पत्थर है, जो अपनी हवाई रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नाइजीरिया की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

नाइजीरियाई सेना के अधिकारियों ने रोटरी विंग अकादमी में एचएएल के ध्रुव हेलीकॉप्टरों पर प्रशिक्षण पूरा कर लिया है। यह प्रशिक्षण उन्हें उन्नत एलसीएच के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण रहा है।

एलसीएच 'प्रचंड' उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' का एक प्रकार है, जिसमें स्टेल्थ प्रौद्योगिकी, बख्तरबंद सुरक्षा प्रणाली और दुर्घटना-प्रतिरोधी लैंडिंग गियर सहित कई उन्नत विशेषताएं हैं। ये विशेषताएं युद्ध परिदृश्यों में हेलीकॉप्टर की क्षमता बढ़ाने के लिए डिजाइन की गई हैं।

यह हेलीकॉप्टर लड़ाकू खोज और बचाव, दुश्मन से हवाई सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी अभियानों जैसी विभिन्न भूमिकाओं के लिए उपयुक्त है। यह हेलीकॉप्टर उच्च-ऊंचाई और जंगल के वातावरण में उत्कृष्ट है और धीमी गति से चलने वाले विमानों और दूर से संचालित वाहनों के खिलाफ प्रभावी है। इसका डिजाइन अत्याधुनिक तकनीकों को एकीकृत करता है, जिसमें एक ग्लास कॉकपिट और कम्पोजिट एयरफ्रेम शामिल है, जो स्वदेशी नवाचार और आधुनिक लड़ाकू जरूरतों के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## भारत ने चीन को हराकर पांचवीं बार जीता एशियाई हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब

नई दिल्ली, 17 सितंबर (हि.स.)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को चीन को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब बरकरार रखा है। जुगराज सिंह ने चौथे क्वार्टर में मैच का एकमात्र गोल किया। मैच के 51वें मिनट में कप्तान हरमनप्रीत सिंह से मिले शानदार पास के बाद जुगराज ने एक बेहतरीन मूव बनाया और भारत को 1-0 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। यह खिताब भारत द्वारा पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद आया है।

भारत और चीन ने टूनार्मेंट के पहले मैच में एक दूसरे का सामना किया था और भारत ने आसानी से यह मैच 3-0 से जीता था। हरमनप्रीत सिंह एंड कंपनी इस मैच में प्रबल दावेदार के तौर पर उतरी थी, लेकिन मेजबान टीम बिना लड़े हार मानने को तैयार नहीं थी।

मैच की शुरूआत चीन द्वारा भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाने की कोशिश से हुई थी। टूनार्मेंट में इन दोनों टीमों के बीच पहले गेम में यह स्पष्ट था, जब चीन काउंटर पर भारत को तोड़ने की कोशिश कर रहा था।

भारत को पहला वास्तविक मौका पहले क्वार्टर की शुरूआत में मिला, जब सुखजीत ने एक शानदार शॉट लगाया, जिसे चीनी गोलकीपर ने अच्छी तरह से रोक दिया।

भारत के लिए पहला पीसी 9वें मिनट में आया और इसे चीनी डिफेंस ने अच्छी तरह से रोक दिया। भारत को एक और मौका मिला और इस बार हरमनप्रीत निशाने से काफी दूर थे।

दूसरा क्वार्टर ज्यादातर समय उलझन भरा रहा क्योंकि चीन ने भारत को रोके रखा, भारत को 27वें मिनट में एक बड़ा मौका मिला जब हरमनप्रीत ने गलत तरीके से लगाए गए



पीसी का पूरा फायदा उठाया, लेकिन गेंद पोस्ट से टकरा गया। इसके तुरंत बाद, भारत को शुरूआत में पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया, लेकिन भारतीय टीम एक बार फिर इसे गोल में नहीं बदल सकी। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल नहीं कर सकीं।

तीसरे क्वार्टर में भारत ने डी में कई बेहतरीन हमले किए, लेकिन चीनी डिफेंस दृढ़ रहा। चीन ने कुछ पीसी हासिल किए, लेकिन भारतीय डिफेंस ने उन्हें रोके रखा।

भारत का दबाव था, लेकिन चीन ने अपना दबदबा बनाए रखा और खेल अंतिम क्वार्टर में पहुंच गया।

भारत ने दबाव बनाते हुए क्वार्टर की शुरूआत की और आखिरकार 51वें मिनट में भारतीय टीम को सफलता मिल गई। हरमनप्रीत ने डी में एक बेहतरीन मूव बनाया और जुगराज को पास दिया, जिसे जुगराज ने गेंद को गोल पोस्ट में डालने में कोई गलती नहीं की।

भारत ने 1-0 की बढ़त बना ली।

चीन को अब सावधानी बरतनी पड़ी और भारत पर दबाव बनाने की कोशिश करनी पड़ी। उन्होंने गोल की तलाश में मैदान पर एक फ्लाइंग गोलकीपर भी लगाया। हालाँकि, अंत में भारतीय रक्षा काफी मजबूत थी और भारत ने अंततः 1-0 से जीत हासिल कर ली।

**भारत ने पांचवीं और लगातार दूसरी बार जीता खिताब**

चीन को हराने के साथ ही भारत ने रिकॉर्ड पांचवीं और लगातार दूसरी बार एशियाई खिताब जीता। भारतीय टीम ने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन किया और 25 गोल किए और केवल पाँच गोल खाए। भारत ने सेमीफाइनल में कोरिया को 4-1 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की थी।

**कप्तान हरमनप्रीत ने टूनार्मेंट में किये सात गोल**

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए सात गोल किए, फाइनल में भी जुगराज द्वारा गोल किये जाने में कप्तान की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

## एबीवीपी और विश्वविद्यालय छात्रसंघ के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति को दिया ज्ञापन

नई दिल्ली, 17 सितंबर (हि.स.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति को दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय के कैंपस लॉ सेंटर में संविधान निमार्ता बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को स्थापित करने और संविधान पार्क निर्माण की मॉग को लेकर ज्ञापन सौंपा।



डीयू कुलपति को मिले प्रतिनिधिमंडल में डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा, डूसू सचिव अपराजिता, डूसू संयुक्त सचिव सचिन बैसला, कैंपस लॉ सेंटर के छात्र संघ अध्यक्ष आकाश सोनी, अभाविप कैंपस लॉ सेंटर इकाई अध्यक्ष आदित्य तोमर, शशि शेखर, कृष्ण कुमार ,सपना दास आदि सम्मिलित रहे।

एबीवीपी दिल्ली प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि एबीवीपी, प्रतिवर्ष बाबा साहब आंबेडकर की पुण्यतिथि 6 दिसंबर को 'सामाजिक समरसता दिवस' के रूप में मनाती है तथा समाज के हर क्षेत्र में सामाजिक समरसता के लिए विभिन्न प्रयास विद्यार्थी परिषद द्वारा किए जा रहे हैं। एबीवीपी नेतृत्व वाले डूसू द्वारा स्थापित संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को दिल्ली सरकार द्वारा हटाना दुर्भाग्यपूर्ण एवं विद्यार्थी समुदाय को आहत करने वाला है।

हम दिल्ली विश्वविद्यालय के विधि संकाय में बाबासाहब डॉ आंबेडकर की प्रतिमा को शीघ्र स्थापित करने एवं साथ ही संविधान पार्क निर्माण की मांग करते हैं।

डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा ने कहा कि संवैधानिक तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप देश की युवा पीढ़ी का विकास आवश्यक है।

बाबासाहब आंबेडकर हम सभी विद्यार्थियों के प्रेरणास्त्रोत हैं। विद्यार्थी परिषद तथा डूसू की मॉग पर डीयू कुलपति ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

## प्रधानमंत्री क्वाड सम्मेलन में भाग लेने जायेंगे अमेरिका

नई दिल्ली, 17 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21-23 सितंबर के दौरान अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस यात्रा के दौरान वे विलमिंगटन, डेलावेयर में चौथे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। इसकी मेजबानी 21 सितंबर को अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन द्वारा की जा रही है। इस वर्ष क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने के अमेरिकी पक्ष के अनुरोध के बाद, भारत ने 2025 में अगले क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने पर सहमति व्यक्त की है।



क्वाड शिखर सम्मेलन में नेता पिछले एक साल में चार देशों अमेरिका, आस्ट्रेलिया, अमेरिका और जापान, के संगठन की हासिल की गई प्रगति की समीक्षा करेंगे और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के देशों को उनके विकास लक्ष्यों और आकांक्षाओं को पूरा करने में सहायता करने के लिए आने वाले वर्ष का एजेंडा निर्धारित करेंगे।

प्रधानमंत्री 23 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा में ह्यभविष्य के शिखर सम्मेलनह्न को संबोधित करेंगे। शिखर सम्मेलन का विषय ह्यबेहतर कल के लिए बहुपक्षीय समाधानह्न है। शिखर सम्मेलन में बड़ी संख्या में वैश्विक नेताओं के भाग लेने की उम्मीद है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। न्यूयॉर्क में रहते हुए प्रधानमंत्री 22 सितंबर को भारतीय समुदाय के एक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर और बायोटेक्नोलॉजी के अत्याधुनिक क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अग्रणी अमेरिकी कंपनियों के सीईओ के साथ भी बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री से भारत-अमेरिका द्विपक्षीय परिदृश्य में सक्रिय विचारकों और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत करने की भी उम्मीद है।

## मणिपुर में स्थाई शांति का रोड मैप तैयार : केंद्रीय गृहमंत्री शाह

नई दिल्ली, 17 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि केंद्र ने मणिपुर में स्थाई शांति लाने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया है। आशा है वहां जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल होगी।

केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने आज मोदी सरकार के 100 दिन का कार्यकाल पूरा होने पर पत्रकार वार्ता की। इस अवसर पर पत्रकारों के सवालों पर गृहमंत्री शाह ने कहा कि मोदी सरकार के पिछले तीन महीने के कार्यकाल के दौरान मणिपुर में लगभग शांति रही है। हाल के दिनों में कुछ घटनाएं हुई है। इन घटनाओं के मूल में भारत-म्यांमार सीमा है। केंद्र सरकार ने इसकी फेंसिंग का काम शुरू कर दिया है और 100 दिन में और 30 किलोमीटर तक की फेंसिंग हो चुकी है। पूर्वोत्तर की 1500 किलोमीटर की सीमा पर फेंसिंग का बजट आवंटित किया जा चुका है। इसके अलावा म्यांमार के साथ आवाजाही संबंधी समझौता एकतरफा रद्द कर केवल वीजा के आधार पर आने की अनुमति दी गई है।

गृहमंत्री ने कहा कि मणिपुर में जारी हिंसा नस्लीय है और सरकार इसे रोकने के लिए दोनों समुदायों कुकी और मैतई के साथ बातचीत कर रही है। इसके अलावा केंद्रीय सुरक्षा बलों का राज्य में रणनीतिक क्षेत्र में तैनाती का कार्य भी पूरा हो चुका है। राज्य में लोगों को आवश्यक वस्तुओं को कमी से असुविधा न हो इसलिए सुरक्षा बलों से जुड़ी दुकानों और अन्य दुकानों पर भी जरूरत के समान को पहुंचाने का काम किया जा रहा है।

## स्वस्थ व बेहतर जीवन शैली के लिए प्रदूषण स्तर को कम करना हमारी जिम्मेदारी है : नितिन गडकरी

नई दिल्ली, 17 सितंबर (हि.स.)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज ह्यस्वच्छता ही सेवाह्न अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कहा कि वाहनों से निकलने वाला जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन अर्थात धुआं प्रदूषण का एक प्रमुख स्त्रोत है। यह प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है और जीवन की प्रत्याशा को कम करता है। ऐसी स्थिति में सभी के लिए स्वस्थ व बेहतर जीवन शैली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रदूषण के स्तर को कम करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने आज उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के दुहाई इंटरचेंज पर वृक्षारोपण के दौरान दुहाई इंटरचेंज के पास बांस और घने वृक्षारोपण वाले दो स्थानों का भी दौरा किया।सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने जारी बयान में यह जानकारी दी।



इस अवसर पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने भी पौधरोपण किया। पर्यावरण को टिकाऊ बनाने का संदेश देते हुए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों ने भी अपने-अपने कार्यालयों पर वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर लगभग 1000 पेड़ लगाए गए।

मंत्रालय के अनुसार, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण टिकाऊ पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चालू वर्ष के दौरान करीब 46 लाख पेड़ लगाए हैं। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे 53 एकड़ भूमि पर आठ स्थानों पर 4 लाख पेड़ लगाए हैं। इस वर्ष के स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान में 30,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने टिकाऊ राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए हरित राजमार्ग (वृक्षारोपण, प्रत्यारोपण, सौंदर्यीकरण व रखरखाव), नीति 2015 के कार्यान्वयन के बाद से राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगभग 4 करोड़ पेड़ लगाए हैं और लगभग 70,000 पेड़ों को प्रत्यारोपित किया है।

# सम्पादकीय

## हमारे दरवाजे पर नागफनी

जहां सबूत नंगा, लेकिन प्रशासन अंधा हो, वहां अमन के ढांचे गिरते देर नहीं लगती। जो यह सोचते हैं कि हिमाचल के मामलों में ह्वमस्जिद घमासानह्ल निर्देश है, वे किसी मुगालते में हैं। ये लहरें हमारे बीच कुछ ऐसे बीज खोज के ला चुकी हैं, जो आगे चलकर झाड़ बनेंगी। यह चुनना आसान नहीं होता कि कब ऐसे घटनाक्रम समाज की मुद्रा को खूंखार बना सकते हैं। ह्वहिमाचल बंदह्ल जीता या अतिक्रमण हारा, इसकी पहचान हो नहीं सकती क्योंकि दोनों ओर सियासत रही है। यह इसलिए भी कि हिमाचल बंद का संगठित स्वरूप साधारण नहीं था और इसका संदेश पड़ोसी राज्यों के चुनाव प्रचार में शिरकत कर रहा है। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा से सटे हिमाचल का घटनाक्रम वहां का चुनावी तापमान बढ़ाने के लिए काफी है, जबकि हिमाचल सरकार के तहत व्यवस्था को कोसने की सामग्री भी परोसी जा चुकी है। जिस दिन हिमाचल में बंद उबल रहा था, डोडा की चुनावी जनसभा में देश के प्रधानमंत्री हिमाचल की कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे थे। यानी प्रदेश की परिस्थितियों में भाजपा की झौंक लगातार जारी है। राज्यसभा चुनाव और उसके बाद बनते-बदलते राजनीतिक सिंहासनों के सीने पर चोट खाए दोनों पक्ष, नागरिक समाज के लिए कोई न कोई विवाद खोज रहे हैं। आश्चर्य यह कि आपदाग्रस्त राज्य के भ्रमण में केंद्रीय सत्ता के पांव में मेहंदी सूखती नहीं, लेकिन जुबान चढ़ा विष डंक मार रहा है। बहरहाल राजनीति है, तो रहेगी, लेकिन हम वर्तमान में अतीत की नागफनी को नहीं भुला सकते। यह दौर कि ह्वहिमाचल बंदह्ल जिस तरह सोशल मीडिया की जुबान बन रहा है, उससे सरहदों के कई किनारे टूट रहे हैं। पहली बार हिमाचल में बहुसंख्यकवाद सरेआम चुनौती दे रहा है। इससे एक तरह की राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा पूरी हो सकती है, लेकिन ये दाग फिर शायद ही दिल से उतर पाएंगे।

हिमाचल बंद के आशय में अपनी आशाओं पर गौर करें, तो हमारे सामने हमारे ही अधिकार-आत्मसम्मान गौण होते मिलेंगे। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड से हिमाचल ने 4500 करोड़ लेने हैं, लेकिन ऐसे विषयों पर आज तक हमने कोई ह्वबंदह्ल होते नहीं देखा। वाटर सेस से जुड़े हिमाचली अधिकार पर संजौली आंदोलन जैसा कोई रूप नहीं दिखा। आश्चर्य यह कि शनिवार के दिन चिंतपूर्णी पर एक जगराति के नाम पर ट्रैफिक जाम हो जाता, लेकिन हमारी भोलीभाली जनता विचलित नहीं होती। वहां धर्म के नाम पर सड़कों पर अतिक्रमण और परिवहन की गुंडागर्दी में हम भले ही साल में बीसियों दिन घंटों जाम में फंसे रहें, लेकिन हमारे संयम पर कुठाराघात नहीं होता। प्रदेश में माफिया आकर हिमाचल के भविष्य को लूट रहा, लेकिन इसके खिलाफ हम क्यों बोलें। क्यों बोलें कि सरकारी स्कूल की पढ़ाई और अस्पताल के उपचार पर हमारा भरोसा नहीं रहा। हम बाहरी मजदूरों, कारीगरों तथा व्यापारियों को धर्म के नाम पर चुन-चुन कर कोस सकते हैं, लेकिन हिमाचल के गांव तक अगर हमारी मेहनत के हाथ निकम्मे हो चुके हैं, तो इसका विकल्प क्या है। हिमाचल का धान, लीची, आम, सब्जी व सेब की बिक्री के लिए हमें जो बाहरी हाथ चाहिएं, उनमें धर्म खोज कर हम ही भूखे रहेंगे। हम नए इतिहास के पात्र बनकर शायद नायकत्व प्राप्त कर लें, लेकिन सवाल अगर रूह से होगा, तो सामने अतिक्रमण की खाल में माफिया नजर आएगा। हम पहाड़ों के विध्वंस, नदी-नालों के अतिक्रमण, पंजाब पुनर्गठन और पर्वतीय अधिकारों पर तो वर्षों खामोश रहेंगे, लेकिन शोलों पर सवार होकर अब मुद्दों का लाल अवतार खोजकर विवेक, संतुलन और अपनी प्राथमिकताएं खो देंगे।

## जनपद की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ल वारसी के प्रथम आगमन पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

औरैया, 17 सितंबर (हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला को जनपद का प्रभारी मंत्री जिम्मेदारी सौंपी है।

इसके बाद मंगलवार को उनके जनपद में प्रथम आगमन पर कई जगह भारतीय जनता पार्टी के लोगों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान प्रतिभा शुक्ल वारसी ने कहा कि वह जनपद में विकास की गति को तेज करेगी।

प्रदेश सरकार द्वारा जनपद का प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ल को बनाए जाने पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। शहर के इंडियन ऑयल के समीप रविकांत वाजपेई के नेतृत्व में प्रभारी मंत्री का स्वागत किया गया। इसके अलावा खानपुर चौराहे पर प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ल का प्रवेश दुबे के नेतृत्व में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने स्वागत किया। वहीं जेसीज चौराहे पर भाजपाइयों ने स्वागत किया। जहां पर प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ल को माला एवं पगड़ी पहनकर उनका स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ल ने कहा कि वह जनपद में रुके हुए विकास कार्यों को गति प्रदान करेंगी। इसके अलावा कार्यकताओं एवं जनता की जो भी समस्याएं होंगी उनका निस्तारण कराया जाएगा। इस दौरान मुख्य रूप से राज्यसभा सचेतक गीत शाक्य, आनंद सिंह, विधायक गुड़िया कठेरिया, जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## जिले के प्रभारी मंत्री ने 48 पात्रों को सौंपी पीएम आवास की चाबी

जालौन, 17 सितम्बर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उड़ीसा के भुवनेश्वर से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी के लाभार्थियों के आवासों का गृह प्रवेश समारोह आयोजित किया गया। जिसका सजीव प्रसारण विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में देखा गया। प्रधानमंत्री ने पीएम आवास योजना ग्रामीण 2024-25 में चयनित लाभार्थियों के खाते में डीवीडी के माध्यम से प्रथम किस्त भेजी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रभारी मंत्री संजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन आदि लोगों की उपस्थिति में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी योजनांतर्गत पात्र लाभार्थियों को गृह प्रवेश, चाबी, स्वीकृत पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र 48 लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पात्र 04 लाभार्थियों को चाबी वितरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत पात्र 09 लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र व चाबी वितरण की गई। जनपद में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत 6 माह में 4375 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के अंतर्गत 560 लाभार्थियों को विभिन्न विकास खण्डों में प्रवेश कराया गया।

प्रभारी मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार विकास के क्षेत्र में धरातल पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि संचालित जनकल्याणकारी योजना को पंक्ति के अंतिम पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ मिलना चाहिए। प्रभारी मंत्री ने लाभार्थियों से संवाद किया। लाभार्थियों को आवास मिलने पर उनके चेहरे पर खुशी झलख रही थी।

# राजा शंकरशाह ने अंग्रेजों से कहा -न धर्म बदलेंगे न पेंशन लेंगे,तोप के सामने बांधकर उड़ा दो

डॉ. आनंद सिंह राणा

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के इतिहास में बरतानिया सरकार के विरुद्ध जनजातीय योद्धा सदैव भारी पड़े हैं इसलिए बरतानिया सरकार ने उन्हें छल से ही मारा है, इसी संदर्भ में सन 1857 के महान स्वतंत्रता संग्राम में गोंडवाना साम्राज्य के राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को धोखे से पकड़कर 18 सितंबर सन 1857 को राजद्रोह के आरोप में तोप के गोले से उड़ा गया था, तत्समय भारत की यह पहली दुखद घटना थी जब किसी राजा और युवराज को तोप के मुंह से बांधकर उड़ाया गया था। यद्यपि राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को पेंशन, भूमि और धर्म परिवर्तन के बदले में मुक्त करने का लालच दिया परंतु राजा शंकरशाह ने 'स्व' के लिए प्रस्ताव ठुकराते हुए कहा था कि "न धर्म बदलेंगे न पेंशन लेंगे, तोप के सामने बांधकर उड़ा दो।"

पूर्व पीठिका, यह है कि भारत के हृदय स्थल में स्थित त्रिपुरी (जबलपुर) के महान कलचुरी वंश का तेरहवीं शताब्दी के पूर्वार्ध में अवसान हो गया था, फलस्वरूप सीमावर्ती शक्तियां इस क्षेत्र को अपने अधीन करने के लिए लालायित हो रही थी। अंततःइस संक्रांति काल में एक वीर योद्धा जादों राय(यदु राय) ने तिलवारा घाट निवासी एक महान ब्राह्मण सन्यासी सुरभि पाठक के भगीरथ प्रयास से त्रिपुरी क्षेत्रांतर्गत गढ़ा- कटंगा क्षेत्र जबलपुर में गोंड वंश की नींव रखी। कालांतर में यह साम्राज्य गोंडवाना साम्राज्य के नाम से जाना गया।

गोंडवाना साम्राज्य का चरमोत्कर्ष का प्रारंभ महानायक राजा संग्राम के समय हुआ। राजा संग्राम शाह के सुपुत्र दलपति शाह का विवाह कालिंजर के महाप्रतापी राजा कीरत सिंह की सुपुत्री दुर्गावती से हुआ। यह विवाह सामाजिक समरसता का अविस्मरणीय दृष्टांत है। विवाह के 6 वर्ष उपरांत ही दलपति शाह का आकस्मिक निधन हो गया और सन 1548 में गोंडवाना राज्य की बागडोर वीरांगना रानी दुर्गावती के हाथों में आ गई। रानी दुर्गावती का समय गोंडवाना साम्राज्य की स्वर्ण युग था। एक समय अंतराल के बाद उत्तर भारत में राजनीतिक परिवर्तन हुए और पुनः मुगलों ने अकबर के नेतृत्व में मुगल साम्राज्य की उत्तर भारत में पुनर्स्थापना की। गोंडवाना साम्राज्य की वैभव और संपन्नता को देखकर लालची अकबर ने गोंडवाना साम्राज्य को मुगल साम्राज्य में मिलाने के लिए आक्रमण हेतु सेनापति आसफ खान को भेजा। सेनापति आसफ खान के साथ रानी दुर्गावती के 6 युद्ध हुए जिनमें 5 युद्धों में रानी दुर्गावती विजयी रही परंतु छठें में युद्ध में आसफ खान के पास तोप खाना आ जाने और रानी दुर्गावती के एक सामंत बदन सिंह के विश्वासघात करने के कारण युद्ध के परिणाम विपरीत होने लगे तब रानी दुर्गावती ने 24 जून 1564 को अपने महावत के हाथों से कटार लेकर अपना प्राणोत्सर्ग किया।

इसके उपरांत दलपति शाह के छोटे भाई राजा चंद्र शाह गोंडवाना साम्राज्य के राजा बने और यह साम्राज्य मुगलों के अधीन आ गया राजा चंद्र शाह की 11 वीं पीढ़ी में (चंद्र शाह, मधुकर शाह , प्रेमनारायण, हृदयशाह, छत्रशाह -हरीसिंह, केशरी शाह, नरेंद्र शाह, महाराज सिंह, दुर्जनशाह - निजाम शाह, नरहरि शाह - सुमेर शाह, शंकर शाह) राजा शंकर शाह का जन्म मंडला के किले में हुआ इनके पिता का नाम सुमेर शाह और दादा का नाम निजाम शाह था। 18 वीं शताब्दी के प्रारंभिक दशकों में भारत की राजनीतिक परिस्थितियों में आमूलचूल परिवर्तन आया और मराठाओं ने पेशवा के नेतृत्व में मुगलों से गोंडवाना साम्राज्य हस्तगत कर लिया, साथ ही सुमेर शाह मराठों के प्रतिनिधि के रूप में मंडला में राज्य संभालने थे। सन 1804 में सुमेर शाह की मृत्यु हो गई।

सन 1818 में गोंडवाना साम्राज्य मराठाओं के हाथ से निकल गया, अंग्रेजों ने मंडला को अपने अधीन कर लिया और मध्य प्रांत में मिला लिया। इसके उपरांत राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को जबलपुर में गढ़ा पुरवा के पास के तीन गांव की जागीर देकर पेंशन दे दी गई। राजा शंकर शाह अंग्रेजों के इस दुर्व्यवहार के विरुद्ध थे और अंग्रेजों से स्वतंत्रता चाहते थे। आगे चलकर महारथी शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में तोप के मुंह से उड़कर (इ'ङ्कद्रल्लॅ ।१ङ्के ॅ४ल्ल) संपूर्ण भारत में किसी भी रजवाड़े परिवार की ओर से प्रथम बलिदान दिया। 19वीं शताब्दी मध्यान्ह तक अंग्रेजों के अत्याचार और अनाचार चरम सीमा पार कर गए थे तथा डलहौजी की हड़प नीति के बाद भारत में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी जिसकी जानकारी राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह को भी लग गई थी। जबलपुर स्थित गढ़ा पुरवा में मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर,सागर, दमोह सहित मध्य प्रांत के के लगभग सभी रजवाड़े परिवार, जमींदार, मालगुजार के साथ 52 गढ़ों से सेनानी भी मिलने आने लगे थे।

जबलपुर कैंटोनमेंट क्षेत्र से 52वीं नेटिव इन्फेंट्री के सूबेदार बलदेव तिवारी के साथ कई सैनिक राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह से से मिलने आते थे । राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह ने अंग्रेजों के विरुद्ध शक्तिशाली संगठन तैयार कर लिया था। राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने मध्य प्रांत के रजवाडे. परिवार जमीदारों और माल गुजारों को एकत्रित करने के लिए रोटी और कमल की जगह दो काली चूड़ियों की पुड़िया जिसमें संदेश लिखा होता था कि "अंग्रेजों से संघर्ष के लिए तैयार रहो या चूड़ियां पहन कर घर बैठो" युक्ति का प्रयोग किया था जो रजवाड़े परिवार, जमींदार और मालगुजार इस पुड़िया को स्वीकार कर लेते थे तो उसका आशय होता था कि वह अंग्रेजों के विरुद्ध संग्राम में शामिल हैं और जो स्वीकार नहीं करते थे तो यह मान लिया जाता था कि वह साथ नहीं है उनको संदेश दिया जाता था कि चूड़ियां पहन कर घर बैठो। इस तरह से मध्य प्रांत में राजा शंकर शाह वह रघुनाथ शाह के नेतृत्व में अंग्रेजों के विरुद्ध एक मोर्चा तैयार हो गया था। राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह का झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तात्या टोपे तथा कुंवर साहब से भी संपर्क था।

महारथी मंगल पांडे ने 29 मार्च सन 1857 में बैरकपुर छावनी में 34 वीं नेटिव इन्फेंट्री की ओर से सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का शंखनाद कर दिया। कानपुर लखनऊ और दिल्ली से होने वाली भयंकर घटनाओं के समाचार भी राजा शंकरशाह और रघुनाथशाह तक पहुंचे। उत्तेजित हुए राजा शंकर शाह ने भी 10 सितंबर 1857 को जबलपुर में गढ़ा पुरवा पुरवा में बैठक बुलाई और मध्य प्रांत में स्वतंत्रता संग्राम का श्रीगणेश करने की योजना भी बना ली, जिसमें मध्य प्रांत के अधिकांश रजवाड़े, जमींदार एवं मालगुजार एकत्रित हुए थे।ब्रिटिश सैन्य छावनी जबलपुर पर आक्रमण की योजना मोहर्रम के अवसर पर थी परंतु कुछ जमीदारों और माल गुजारों के अनुपस्थित होने और उचित समन्वय ना होने के कारण योजना स्थगित कर दी गई। विजयादशमी दशमी को आक्रमण करने की योजना बनायी गई । जबलपुर कैंटोनमेंट छावनी से सैनिकों का राजा शंकर शाह और रघुनाथशाह के यहां आना जाना था, इस बात की जानकारी जबलपुर के डिप्टी कमिश्नर क्लार्क को लग गई थी। इसलिए उसने गुप्तचरों को साधुओं के वेश में रहस्य जानने के लिए भेजा।

राजा शंकर शाह को लगा कि यह हमारे ही सहयोगी हैं, इसलिए उन्होंने सारी योजना सविस्तार गुप्तचरों को बता दी। गुप्तचरों ने सारा वृतांत 14 सितंबर 1857 को डिप्टी कमिश्नर क्लार्क को सुनाया फलस्वरूप जबलपुर कमिश्नर इरेस्किन से अनुमति लेकर लेफ्टिनेंट क्लार्क ने 20 घुड़सवार सैनिक तथा 60 पैदल सैनिकों के साथ गढ़ा पुरवा में धावा बोला तथा राजा शंकर शाह और रघुनाथशाह को गिरफ्तार कर लिया गया, इसके साथ ही दोनों की स्वरचित कविताएं और लाल रंग का रेशमी थैला जिसमें दस्तावेज और पत्र भरे थे, बरामद कर लिए गए। गिरफ्तारी करने के उपरांत उनको मिलिट्री केंटोनमेंट में रखा गया परंतु उसी रात को उन्हें छुड़ाने के लिए सूबेदार बलदेव तिवारी ने अपनी 52वीं नेटिव इंन्फेन्ट्री के साथ बलवा किया, इसलिए राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह को कैंटोनमेंट से हटाकर रेसीडेंसी (रेजीडेंसी) में रखा गया। यहां डिप्टी कमिश्नर और दो अंग्रेज अधिकारी का न्याय आयोग बनाया गया। राजा शंकरशाह और रघुनाथशाह पर 3 दिन तक राजद्रोह का आपराधिक मामला चलाया गया और उनकी स्वरचित कविताएं, जिसमें उन्होंने अंग्रेजी साम्राज्य के सर्वनाश की कामना माँ कालिका से की थी। उस पर गंभीर आपत्ति उठाई गई साथ ही लाल रंग की रेशमी थैली में जो देसी रजवाड़ों जमीदारों और मालगुजारों से पत्र व्यवहार किए थे उनको पढ़ा गया, जिसमें मध्य प्रांत में अंग्रेजों की सत्ता उखाड़ फेंकने कीअपील की गई थी।

राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ने सारे आरोप स्वीकार कर लिए, तब न्याय आयोग ने संधि प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसकी शर्तें थीं - राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह ईसाई धर्म स्वीकार स्वीकार करें, उन्हें एक अच्छी पेंशन दी जाएगी और वह विद्रोहियों का पता बता दें, इन शर्तों के मानने के बाद दोनों पिता-पुत्र को माफ कर दिया जाएगा, परंतु राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह ने यह स्वीकार नहीं किया तब न्याय आयोग ने उन्हें फांसी की सजा सुनाने का निर्णय लिया लेकिन राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह ने न्याय आयोग से यह कहा कि हम ठग, पिंडारी, चोर, लुटेरे,डाकू हत्यारे नहीं है जो हमें फांसी दी जाए, हम गोंडवाना के राजा हैं, इसलिए हमें तोप के मुंह से बांधकर उड़ाया जाए। न्याय आयोग ने भी विचार किया की तोप के मुंह में बांध के उड़ाने से जनता में दहशत फैलेगी, इसलिए अच्छा है की तोप के मुंह से बांधकर ही उड़ाया जाए। उधर राजा शंकर शाह बुद्धिजीवी थे और वह चाहते थे कि जब सार्वजनिक रूप से उन्हें तोप के गोले से उड़ाया जाएगा तो जन आक्रोश फैलेगा और मध्य प्रांत में भयानक संग्राम होगा।

अंततः 18 सितंबर 1857 को प्रातः 11:00 बजे 33वीं मद्रास नेटिव इन्फेंट्री सहित पांच हजार सैनिकों के घेरे में रेसिडेंसी के सामने राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह को तोप के मुंह पर बांधा गया और चारों ओर अपार जनसमूह उमड़ आया था, दोनों पिता और पुत्र शांत चित्त होकर खड़े थे उनके चेहरों में किसी भी प्रकार के भय के लक्षण नहीं थे। लेफ्टिनेंट क्लार्क के तोप के गोले से उड़ाने के आदेश के पूर्व राजा शंकरशाह ने उस स्व रचित कविता का प्रथम छंद गाया जिसमें अंग्रेजों के सर्वनाश की प्रार्थना की थी और इसी कविता को अंग्रेजों ने अपराध का एक आधार बनाया था। इस कविता का अंग्रेजी अनुवाद जबलपुर के कमिश्नर इरेस्किन ने किया था। इसके उपरांत लेफ्टिनेंट क्लार्क ने तोप चलाने का आदेश दिया था और भयंकर गर्जना के साथ चारों तरफ धुआं भर गया राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की हाथ - पांव तोप से बंधे रह गए परंतु शेष शरीर के मांस के लोथड़े और हड्डियां 50-50 गज दूर जाकर गिरीं, जिन्हें उनकी वीरांगना पत्नियों क्रमशः फूलकुंवर और मन कुंवर ने एकत्रित किया तथा कुंवर रघुनाथ शाह के पुत्र लक्ष्मण शाह ने अंतिम संस्कार किया। इस तरह से सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में भारत के रजवाड़ों में प्रथम बलिदानी,जिन्हें तोप मुंह से बांधकर उड़ाया गया,वो राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह ही थे। चार्ल्स बाल ने द हिस्ट्री ऑफ इंडियन म्यूटिनी में लिखा है कि "राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह को जब तोप के मुंह से बांधा गया था तब भी उनकी आंखों में दया या याचना का भाव तक नहीं था"। एक चश्मदीद अंग्रेज अफसर के हवाले से द हिस्ट्री ऑफ इंडियन इंडियन म्यूटिनी में कहा गया है कि" उनके पैर हाथ जो बांध दिए गए थे, तोप के मुंह के पास पड़े थे और सिर तथा शरीर का ऊपरी भाग सामने की ओर लगभग पचास गज की दूरी पर जा गिरे थे। उनके चेहरों को जरा भी क्षति नहीं पहुंची थी और वे बिल्कुल शांत थे।" बात यहीं खत्म नहीं हुई क्योंकि राजा शंकर शाह की सहधर्मचारिणी रानी फूलकुंवर ने मंडला में अंग्रेजों से लड़ते हुए अपना स्वयं आत्मोत्सर्ग किया।

राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के विचार फलीभूत हुए कि "हमारे इस बलिदान के उपरांत सारे मध्य प्रांत में अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम छिड़ जाएगा" और वैसा ही हुआ। संपूर्ण मध्य प्रांत के अधिकांश रजवाडे. परिवार एवं जमींदार और मालगुजारों ने अंग्रेजों के विरुद्ध स्वतंत्रता संग्राम का बिगुल बजा दिया। जबलपुर से 52वीं नेटिव इंन्फेन्ट्री के सूबेदार बलदेव तिवारी ने 700 से अधिक सैनिकों को लेकर पाटन और कटंगी को जीत लिया और अंग्रेज कमांडर मैकग्रेगर तथा जेनकिंस का वध करके अपने राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह का बदला लिया। इसी बीच में विजयराघवगढ़ के 16 वर्षीय युवा राजा सरजू प्रसाद ने 30 तोपों के माध्यम से मिजार्पुर रोड को बंद कर दिया और अंग्रेजों का आवागमन रोक दिया कई युद्धों के उपरांत धोखे से उन्हें पकड़ा गया परंतु उन्होंने स्वयं प्राणोत्सर्ग कर लिया।वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी ने मंडला जीत लिया और अंग्रेजी सत्ता को अपदस्थ कर दिया।

दरअसल, छह युद्धों के उपरांत अपना स्वयं प्राणोत्सर्ग किया। हीरापुर के हृदय शाह और मेहरबान सिंह, बरखेड़ा के देवी सिंह ने नागपुर रोड और नरसिंहपुर रोड को बंद कर दिया जिससे अंग्रेजों का मार्ग अवरुद्ध हो गया एक लंबे संघर्ष के बाद ही अंग्रेजों को सफलता मिली। जबलपुर कमिश्नरी के सभी जमीदारों माल गुजारों और सेनानियों ने मिलकर अंग्रेजों के विरुद्ध जमकर संघर्ष किया और स्थिति पलटने लगी थी अंग्रेजों को लगने लगा था कि मध्य प्रांत उनके हाथ से निकल जाएगा परंतु अंग्रेजों की परम मित्र देसी रियासतों ने भितरघात किया अंग्रेजों का साथ दिया तब जाकर मध्य प्रांत में सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को दबाया जा सका।

राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है आज भी उनकी बलिदान गाथा पर गीत और लोक गीत गाए जाते हैं। सन 1946 में जब जबलपुर में सिग्नल कोर के 1700 सिपाहियों ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह किया तथा वो तिलक भूमि तलैया पहुंचे तब उन्होंने अपने नायक राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह को ही घोषित किया था। राजा शंकर शाह और रघुनाथ शाह की अमर बलिदान गाथा भारतीय इतिहास का वह पड़ाव है, जो चिरकाल तक भारतीयों को गर्व, गौरव और स्वाभिमान की अनुभूति कराता रहेगा, साथ ही वर्तमान और भावी पीढ़ी को स्वतंत्रता के लिए चुकाई गई कीमत का एहसास कराएगा, जिससे राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना प्रबल होती रहेगी तथा यही भाव जागृत होंगे कि मैं रहूं या ना रहूं,मेरा यह भारत देश रहना चाहिए। (लेखक, इतिहास के प्राध् यापक एवं वरिष् ठ स् तम् भकार हैं।)

## आज का राशिफल

मेष : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-3-8-9

वृष : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-6-7

मिथुन : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-6-7-9

कर्क : व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। समय आपके पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-3-7-9

सिंह : कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-2-6-9

कन्या : मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-3-7-9

तुला : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-4-8-9

वृश्चिक : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-5-7

धनु : व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। शुभांक-4-6-7

मकर : शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। शुभांक-3-6-8

कुंभ : किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती हैं। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। शुभांक-4-6-8

मीन : संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। मनोबल ऊंचा रखें काम में लगे रहें लाभ होगा। विपरीत परीस्थितीयों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-7-8

## अखिलेश माफियाओं के सरदार : संजय गंगवार

जालौन, 17 सितंबर (हि.स.)। प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग राज्य मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव के माफिया वाले बयान पर निशाना साधा है। मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि माफिया को सब माफिया दिखते हैं। जिस प्रकार गधों को सड़क पर सब गधे दिखते हैं। उसी तरह उन्हें सब माफिया दिखते हैं। जबकि वह खुद माफियाओं के सरदार हैं। जिसका सीधा उदाहरण अतीक और मुख्तार से उनकी रही करीबी है।

बता दें कि संजय गंगवार जालौन के प्रभारी मंत्री भी हैं मंगलवार को वह जालौन के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। जहां



मंगलवार को वह पीएम के जन्मदिन के मौके पर स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविर में शामिल हुए थे। इसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता भी की। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि देश की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार विकास को गति देने का काम कर रही है। जालौन में वह चीनी मिल स्थापित करने को लेकर विभागीय अधिकारियों संग बैठक करेंगे।

वहीं अखिलेश यादव के माफिया वाले बयान के लेकर उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि वह खुद माफिया हैं और जिस तरह गधे को सब गधे दिखते हैं उसी तरह उन्हें भी सब माफिया दिखाई देते हैं जबकि वह खुद माफियाओं के सरदार हैं। जनता जान चुकी हैं कि कौन माफिया है, इसका जबाव वह 2027 के चुनाव में देगी। वहीं सुल्तानपुर में हुए मंगेश एनकाउंटर को लेकर उन्होंने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती और न ही अपराधी जाती देखकर गोली चलाते हैं। प्रदेश की योगी सरकार यूपी में अपराध को खत्म करने का काम कर रही है।

### पशुओं का चारा लेने गए युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

मुरादाबाद, 17 सितम्बर (हि.स.)। जिले के बिलारी कोतवाली क्षेत्र के समीप मंगलवार को पशुओं को चारा लेने गए युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई, तो युवक की पहचान बिलारी कोतवाली क्षेत्र के गांव कूंवरी मानक निवासी मोनू (25) पुत्र अतर सिंह के रूप में हुई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। मृतक के परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मोनू के परिवार वालों ने बताया कि मृतक की पिछले साल शादी हुई थी। युवक को दौरे पड़ने की बीमारी थी। आज सुबह 11 बजे के लगभग वह पशुओं को चारा लेने खेत पर गया था। इसी बीच यह हादसा हुआ होगा। इंस्पेक्टर बिलारी लखपत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते विकसित होते भारत को देखा है: योगी आदित्यनाथ

## –मुख्यमंत्री ने अनंत चतुर्दशी, सृष्टि के रचयिता शिल्पी विश्वकर्मा भगवान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बधाई दी

### –बटन दबाकर 1143 स्मार्ट क्लास का किया लोकार्पण, क्यूआर कोड योजना का उद्घाटन

वाराणसी,17 सितम्बर (हि.स.)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी दौरे के दूसरे और अन्तिम दिन मंगलवार को बारिश के बीच सिगरा स्थित रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित विश्वकर्मा जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम-2024 में भाग लिया।



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विश्वकर्मा भगवान के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं चेक प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश वासियों को अनंत चतुर्दशी, सृष्टि के रचयिता शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को आधुनिक भारत का शिल्पी बताया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत विकास की नयी ऊंचाईयों को छू रहा है। वर्ष 2014 के पहले भारत में अराजकता, उग्रवाद, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव अपने चरम पर था। भारत विश्व के पिछले लाइन के देशों में था, सरकारें केवल तुष्टीकरण करते हुए भारत के आस्था पर आघात करती थी। लेकिन पिछले 10 वर्षों में हमने बदलते हुए तथा विकसित होते भारत को देखा है। 10 वर्षों में गरीबों को आवास, शौचालय, राशन, हर घर बिजली, हर घर नल योजना से आच्छादित किया गया है।

सरकार के प्रयासों से ही बाबा विश्वनाथ धाम, जल, वायु, सड़क सभी मार्ग से वाराणसी की पहुंच, प्रयागराज के दिव्य एवं भव्य कुम्भ, अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर, देश के अंदर 4 करोड़ गरीबों को मुफ्त आवास, 12 करोड़ को उज्ज्वला योजना का लाभ, 80 करोड़ को राशन देकर एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई है। आज भारत विश्व की पाँचवी अर्थव्यवस्था बन चुका है। अगले तीन साल में भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी गौरवांवित है कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी काशी को इतना समय दिया है। प्रधानमन्त्री के प्रयासों से काशी की आध्यात्मिक और सॉस्कृतिक पहचान के अनुरूप शिक्षा, स्वास्थ्य, इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बहुतायत कार्य हुए हैं। जिसे हम सभी ने पिछले दस वर्षों में काशी तथा देश व प्रदेश को बदलते देखा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को नया विजन दिया है, डिजिटल क्रांति दी है उसी का परिणाम है जो आज विद्यालयों स्मार्ट क्लास का शुभारम्भ हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू की गयी विभिन्न योजनाओं से आज युवाओं के सपनों को पंख मिला है। मुख्यमंत्री ने महात्मा गांधी के सुराज की परिकल्पना को साकार करने की बात कही।

उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर शुरू किया गया स्वच्छता अभियान एक नई दिशा को प्राप्त करेगा। जिससे काशी के ग्रामीण क्षेत्र में उचित साफ-सफाई के साथ उचित सेनिटेशन भी होगा। जिससे बीमारियों को दूर किया जा सकेगा। उन्होंने नगर निगम द्वारा क्यूआर कोड के माध्यम से शुरू की गयी पेमेंट योजना को धीरे-धीरे पूरे शहर में लागू करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने नगर निगम द्वारा शुरू किये जा रहे पौधारोपण अभियान की भी तारीफ की। उन्होंने कहा की एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पूरे प्रदेश में रिकार्ड संख्या में पेड़ लगाया गया है जिससे पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा की पर्यावरण के प्रति हमें लगातार सजग रहना होगा। प्लास्टिक मुक्ति अभियान लगातार चलाते हुए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि वरुणा नदी के किनारे पर आवागमन को सड़क तथा वृक्षारोपण का व्यापक कार्यक्रम चलाया जाये ताकि ये काशी की पुरातन पहचान बनी रहे। शहर के अन्दर जहां जगह हो वहां पौधों के रोपण सुनिश्चित करना होगा।

उन्होंने प्रधानमंत्री के स्वच्छता के प्रति सोच को बताये हुए सभी से इसको अपने जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। सभी से सार्वजनिक जगहों पर गन्दगी करने से बचने को कहा। मुख्यमंत्री ने विकसित भारत की संकल्पना के लिये सभी को अपने प्रयास लगातार करने की अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की शुरुआत में विश्वकर्मा योजना के विभिन्न लाभार्थियों नाई, लुहार, सुनार, मिस्त्री, कारीगरों को टूलकिट वितरित किया।

मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर 1143 स्मार्ट क्लास का लोकार्पण करने के साथ आईआईटी चेन्नई के सहयोग से चलायी जा रही ऑपरेशन विद्याशक्ति योजना तथा नगर निगम के भेलूपुर जोन के 54 हजार घरों में लगाये गये क्यूआर कोड योजना का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधान परिषद सदस्य अश्विनी त्यागी,एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र सिंह, जगदीश पटेल, विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव, विधायक शहर दक्षिणी डॉ नीलकंठ तिवारी, विधायक पिंडरा डॉ अवधेश सिंह, अजगरा विधायक टी राम, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस राजलिंगम आदि की उपस्थिति रही।

# प्रधानमंत्री के 74वें जन्म दिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया

मीरजापुर, 17 सितम्बर (हि.स.)। विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 74वें जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मंगलवार को भाजपा पदाधिकारियों के साथ स्वच्छता ही सेवा है, के मूल मंत्र पर झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही संकटमोचन तिराहे पर हनुमानजी मंदिर में आरती पूजन करते हुए गया।

इसी क्रम में विधायक, जनप्रतिनिधियों व कार्यकताओं ने अपने विधानसभा में सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री के




कार्यकर्ताओं ने मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह के नेतृत्व में जिले के प्रत्येक मंडलों के सभी शक्ति केन्द्रों पर स्वच्छता अभियान चलाकर एवं अस्पतालों में फल वितरण एवं युवा मोर्चा की ओर से रक्तदान कर प्रधानमंत्री मोदी का जन्मदिन मनाया गया।

मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने सर्वप्रथम पं. दीनदयाल चौराहा पर कार्यकताओं एवं प्रधानमंत्री मोदी के दीघार्यु के लिए प्रार्थना किया और गरीबों को दान दिया। साथ ही मिष्ठान वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने महिला जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया। तत्पश्चात मंडलीय चिकित्सालय में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ मिश्र मोंटी के नेतृत्व में रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 74 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया और दर्जनों की संख्या में रक्तदान किया जन्मदिन पर उनके दीघार्यु होने की कामना की। सेवा पखवाड़ा के संयोजक जिला महामंत्री दिनेश वर्मा एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के संयोजक जिलामंत्री कौशल श्रीवास्तव रहे। स्वच्छता अभियान में पूर्व जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, मनोज जायसवाल, जिलामंत्री हेमन्त त्रिपाठी, गौरव ऊमर, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अवैध संबंध के चलते पति-पत्नी ने फंदे पर लटक कर की आत्महत्या

मुरादाबाद, 17 सितम्बर (हि.स.)। महानगर के थाना मझोला के गोपालपुर निवासी दंपति ने मंगलवार को फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। क्षेत्र वासियों ने बताया कि मृतक पति-पत्नी के बीच अवैध संबंधों को लेकर आए दिन झगड़ा व मारपीट होती थी। पति की गैर मौजूदगी में विभिन्न लोगों का उनके घर आना-जाना लगा रहता था जिसे लेकर पति विरोध करता था। वहीं परिजनों ने पत्नी के प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों ही एंगल से जांच कर रही है।

गोपालपुर में पति-पत्नी एक घर में रहते हैं। पड़ोस वाले घर में उनके परिजन रहते हैं। मंगलवार सुबह से उनके घर का दरवाजा नहीं खुला था।

दोपहर में शंका होने पर परिजनों ने घर में लगी खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो बहू का शव फंदे पर झूल रहा था। सूचना पर पुलिस पहुंची तो दरवाजे का कुंडा तोड़कर देखा कि पत्नी की लाश पंखे के सहारे झूल रही है और पति का शव चारपाई पर पड़ा था। घटना की जानकारी मिलने पर लोगों में हड़कंप मच गया।

थाना मझोला इंस्पेक्टर मोहित चौधरी ने बताया कि मृतक पति-पत्नी का शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले में जांच शुरू कर दी गई है।

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराया ट्रेलर, चालक गम्भीर

मीरजापुर, 17 सितंबर (हि.स.)। अहरौरा थाना क्षेत्र के हनुमान पहाड़ी के समीप वाराणसी-शक्ति नगर मार्ग पर मंगलवार को ब्रेक फेल ट्रेलर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर चालक केबिन में फंस गया। कटर मशीन की सहायता से पुलिस ने ट्रेलर चालक को केबिन से निकाल कर अस्पताल भेजा।

सोनभद्र की तरफ से लोहा लादकर वाराणसी की ओर जा रहा ट्रेलर ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी कोयला लादी ट्रक में पीछे से जा घुसा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर चालक भागीरथ (30) पुत्र सरजूराम निवासी टेढ़ी गांव राजस्थान को केबिन से निकालने के लिए कटर मशीन का सहारा लिया। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला गया।

एसआई अहरौरा रामदरश यादव ने बताया कि तेज बारिश के कारण राहत कार्य में दिक्कत आ रही थी पर गम्भीर रूप से घायल चालक को निकाल कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा भेजा गया।

प्राथमिक चिकित्सा के बाद चिकित्सक ने उसे ट्रामा सेंटर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

# शारदीय नवरात्र: विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर होगा 11 अतिरिक्त ट्रेनों का ठहराव

### -10 दिन तक अस्थायी ठहराव का रेल प्रशासन ने लिया निर्णय

मीरजापुर, 17 सितंबर (हि.स.)। शारदीय नवरात्र मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने दस दिनों तक विंध्याचल रेलवे स्टेशन पर 11 ट्रेनों के अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया है।

12295/12296 एसएमवीटी बेंगलुरु-दानापुर संघमित्रा एक्सप्रेस, 12801/12802 पुरी-नई दिल्ली पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, 12141/12142लोकमान्य तिलक ट. पाटलिपुत्र सुपरफास्ट एक्सप्रेस, 12307/12308 हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस, 12487/12488 जोगबनी-आनंद विहार ट. एक्सप्रेस, 22307/22308 हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस, 12335/12336लोकमान्य तिलक ट. भागलपुर एक्सप्रेस, 15646/15645लोकमान्य तिलक ट. गुवाहाटी एक्सप्रेस, 15648/15647 लोकमान्य तिलक ट. गुवाहाटी एक्सप्रेस, 15658/15657कामख्या-दिल्ली ब्रम्हपुत्र मेल एवं 12168/12167लोकमान्य तिलक ट. बनारस एक्सप्रेस को दो मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

# पूर्व सैनिक के बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी को लोगों का प्रदर्शन

मेरठ, 17 सितम्बर (हि.स.)। टीपीनगर थाना क्षेत्र स्थित गगन कुंज कॉलोनी में पूर्व सैनिक के बेटे की हत्या के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर मंगलवार को लोगों ने एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि शिकायत करने के बाद भी पुलिस किसी को गिरफ्तार नहीं कर रही है।

गंगन कुंज कॉलोनी निवासी रिटायर्ड फौजी रामवीर सिंह मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। एसएसपी से शिकायत करते हुए कहा कि उसके बेटे रजत नायक का 11 सितम्बर को संदिग्ध अवस्था में शव मिला था। आरोप है कि रजत को कॉलोनी का ही रहने वाला वंश अपने साथ ले गया था। पीड़ित परिवार का कहना है कि रजत के पैरों में जो चप्पल मौजूद थी, वह उसकी नहीं थी। परिवार के लोगों को उसकी हत्या का शक हुआ और उन्होंने वंश, अभिषेक और तुषार पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी, लेकिन थाना पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की।

रामवीर सिंह ने बताया कि उसके बेटे रजत का पास की ही रहने वाली मनीषा नाम की युवती से प्रेम चल रहा था। इसी को लेकर आरोपितों ने उसके बेटे की हत्या कर दी। जनसुनवाई कर रहे पुलिस अधिकारी ने जांच कराकर निष्पक्ष कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही थाना पुलिस को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# कानपुर: गोदाम में लगी भीषण आग, 6 लोगों को बचाया गया

कानपुर, 17 सितम्बर (हि.स.)। फजलगंज थाना क्षेत्र के 92 इंडस्ट्रियल एस्टेट के गोदाम में मंगलवार को अचानक लगी भीषण आग में 6 लोगों तथा एक कुत्ते को अग्निशमन दल ने जान बचाई। इसके साथ ही अथक प्रयास के बाद भीषण आग पर काबू पाया गया है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि थाना फजलगंज क्षेत्रान्तर्गत 92 इण्डस्ट्रियल एस्टेट में मंगलवार को अचानक भीषण आग लगने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल 3 अग्निशमन यूनिटों के साथ पहुंचे और त्वरित कार्यवाही करते हुये गोदाम के ऊपर बने आवासीय परिसर में फंसे 6 लोगों एवं एक कुत्ते को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जिसके बाद अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया।

आग कैसे लगी और कितने की क्षति हुई इसकी जांच की जा रही है।

कर्मचारियों की सूझ-बूझ की वजह से कोई जनहानि नहीं होने पाई। यह हमारी टीम के लिए बड़ी सफलता मिली है।

# प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री योगी ने भगवान गणेश की पूजा की,लड्डू काटकर भक्तों में वितरित किया

## –रक्तदान शिविर में भी भाग लिया, नगर निगम के क्यूआर कोड से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

वाराणसी,17 सितम्बर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर मंगलवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाबा विश्वनाथ धाम में विशेष पूजन के बाद धाम के यज्ञ कुंड परिसर में प्रधानमंत्री के दीर्घ जीवन के लिए विशेष हवन कर ज्ञानवापी कूप के समीप स्थित निकुंभ विनायक का दर्शन पूजन किया।

इसके बाद उन्होंने 74 किलो का विशाल लड्डू काटकर भक्तों में वितरित किया। मंदिर से मुख्यमंत्री कबीरचौरा स्थित मंडलीय शिवप्रसाद गुप्त अस्पताल पहुंचे। यहां भारतीय जनता युवा मोर्चा और महानगर भाजपा की तरफ से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ कर रक्तदान करने वाले कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की और उनमें फल वितरण कर मिल रही चिकित्सकीय सुविधाओं का हाल जाना।

मुख्यमंत्री ने वृद्ध महिला मरीजों से खासतौर पर बातचीत की। यहां से मुख्यमंत्री सर्किट हाउस पहुंचे। कुछ देर के बाद पुनः सिगरा स्थित रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने नगर निगम के क्यूआर कोड से कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# मीरजापुर में सबकुछ बहा ले जाने को बेताब गंगा, लोगों ने छोड़े घर

### -सदर में 95 तो चुनार में लगभग 70 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल प्रभावित

मीरजापुर, 17 सितंबर (हि.स.)। मीजापुर में गंगा का जलस्तर बढ़ने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं, खासकर गंगा किनारे रहने वाले व खेती–किसानी करने वाले। उफनाई गंगा मानो सबकुछ बहा ले जाने



को बेताब है। हालांकि इससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। किसानों की खेती की फसल डूब गई है तो वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत कई लोग घर छोड़ चुके हैं।

मंगलवार को गंगा का जलस्तर 76.52 मीटर दर्ज किया गया। वर्तमान में गंगा एक सेंटीमीटर प्रतिघंटा के हिसाब से घट रही हैं। गंगा चेतावनी जलस्तर 76.724 मीटर तो खतरे का जलस्तर- 77.724 मीटर है। सदर तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में सात नाव (तीन मोटर बोट व चार साधारण नाव) संचालित है। जबकि 252 लंच पैकेट वितरित बांटे गए हैं। वहीं चुनार तहसील क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांवों में आठ नाव (छह मोटर बोट व दो नाव) संचालित है और 100 लंच पैकेट वितरित किए गए हैं।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने राजस्व विभाग, कृषि विभाग तथा उद्यान विभाग की संयुक्त टीम गठित कर बाढ़ से फसल क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट मांगा है। वर्तमान में सदर तहसील क्षेत्र में 95 हेक्टेयर तो चुनार तहसील क्षेत्र में बाढ़ से लगभग 70 हेक्टेयर कृषि क्षेत्रफल प्रभावित है।

**15 गोवंशों को बचाया, घर–घर टीकाकरण अभियान चलाया**

गंगा नदी के समीपवर्ती गांव हरसिंहपुर व मलेपुर में पशुपालन विभाग ने कैंप लगाकर व घर–घर जाकर पशु टीकाकरण अभियान चलाया है। भटौली गांव में जल प्लावन के कारण फंसे 15 गौवंश को प्रशासन तथा पशुपालन विभाग की टीम ने स्थानीय लोग तथा मोटरबोट की मदद से गौवंश को बचाया है।

**आठ परिवार के 42 सदस्य विस्थापित**

छानबे ब्लाक के बीजर कलां गांव, तहसील सदर के समीप गंगा नदी में हो रहे कटान के दृष्टिगत ग्राम के समीपवर्ती कुल आठ परिवारों (कुल 42 सदस्य) को पंचायत भवन बीजर कलां में अस्थायी राहत कैंप में विस्थापित किया गया है। राहत कैंप में महिला–पुरुष के लिए अलग–अलग शिविर, शौचालय, सामुदायिक किचन की स्थापना, स्वास्थ्य विभाग के टीम की तैनाती, विद्युत आपूर्ति तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की गई है।

**बाढ़ प्रभावित पर कड़ी निगरानी, प्रशासन अलर्ट**

प्रभावित गांवों में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ला, उप जिलाधिकारी सदर, चुनार व तहसीलदार सदर, चुनार निरंतर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी कर रहे हैं। उप जिलाधिकारी सदर एवं चुनार के स्तर पर बाढ़ प्रभावित आबादी को विस्थापित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

**चुनार तहसील क्षेत्र के फसल प्रभावित गांव**

म ा झ ा र ा कला,पसियाही,रामगढ़ कला, पीपराही, धन्नूपुर,मझरा खुर्द, दीनानाथ उर्फ रतनपुर, धनैता, कांतापुर, प्रेमापुर, गांगपुर, भवानीपुर, बघेड़ी, बघेडा, मनिकपुरा, दामोदरपट्टी, चितरहा, केशवपुर, काशीपुर, सहसपुरा, बेला, पचेवरा।

**सदर तहसील क्षेत्र के फसल प्रभावित गांव**

पतारी तिवारी, नान्हुपुर, नौहां, खुटहां मौनस, हिरापट्टी, भटौली, जौसरा, बेदौली कला, बेदौली खुर्द, महड़ौरा, गौरा महड़ौरा, लालापुर, चक महड़ौरा, आराजी महड़ौरा, देवरी मु० बिरोही, बिलसड़ी, त्रिलोकपुर, सुखनई, छिल्पी, मवैया, तिलठी, मझरा, चक सेमरा, मिश्रधाप, मुजेहरा कला, मुजेहरा खुर्द, आहोपुर, दुल्लहपट्टी, चपउर कला, मझगंवा, लेडू, महदेवा, शिवमऊ, माधोपुर, अकोढ़ी, अक्सौली, साहोपुर, बरैनी, सबेसर।

बाढ़ के चलते हरसिंहपुर, मल्लेपुर, बेलवन गांव आवागमन बाधित है।

# जुर्म की राजधानी बन चुका है उत्तर प्रदेश: प्रमोद तिवारी

मेरठ, 17 सितम्बर (हि.स.)। कांग्रेस के सांसद प्रमोद तिवारी



ने मंगलवार को भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पिछले सात साल से उत्तर प्रदेश की सत्ता में काबिज योगी आदित्यनाथ हमेशा जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं। आत्ममुग्ध होकर खुद ही हर मंच से कानून व्यवस्था पर अपनी तारीफ करते रहते हैं, मगर सच्चाई इसके विपरीत है। उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद पूरे देश में जुर्म की राजधानी बन चुका है।

बाउंड्री रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। हत्या, महिलाओं का अपहरण, गैंगरेप, दहेज, हत्या के मामलों में उत्तर प्रदेश पूरे भारत में नंबर एक पायदान पर है।

पूरे भारत में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में 25 प्रतिशत अपराध अकेले उत्तर प्रदेश में होते हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वसत हो चुका है। उत्तर प्रदेश जंगलराज में बदल गया है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। प्रदेश सरकार में राजनैतिक इच्छाशक्ति नहीं होने के कारण प्रदेश में निरंकुश वातावरण बन गया है। योगी सरकार में सबसे ज्यादा असुरक्षित महिलाएं हैं।

प्रमोद तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी सदन में ठोक डालो, मिट्टी में मिला देंगे जैसी भाषा का प्रयोग कर प्रदेश के एक समुदाय में डर पैदा करते हैं और अपनी पुलिस को एकतरफा कार्रवाई की छूट देते हैं। हमें कानून का राज स्थापित करना है ना कि पुलिस का। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, हरिकिशन अंबेडकर, अभिमन्यु त्यागी आदि उपस्थित रहे।

# नाथ पंथ के संतों ने समरस समाज की विरासत दी : प्रो. विश्वकर्मा

गोरखपुर, 17 सितंबर (हि.स.)। उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं है बल्कि यह पूरे विश्व का मार्गदर्शन करने के लिए एक अपरिहार्य आवश्यकता भी है, इसलिए इसका समर्थ और सशक्त होना अति आवश्यक है। भारत के समर्थ और सशक्त होने के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि जहां सामाजिक समरसता अपने उच्च स्तर पर दिखे। सामाजिक समरसता का भारत एक समाज के रूप में सबसे विचारवान प्राणी बनाया। मनुष्यता को केंद्र में रखकर हमारे ऋषियों और संतों ने समाज को जो विरासत दी, उसकी सबसे अमूल्य निधि रही समरसता। संतो द्वारा बनाए गए हमारे समाज की ही विशेषता थी कि हमें वसुधैव कुटुंबकम का दर्शन विरासत में प्राप्त हुआ।

विकृति के बाजार में संस्कृति की शंखनाद हैं संत

प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने हरेक कालखंड में संतों की भूमिका महत्वपूर्ण बताते हुए भगवान राम ने अपने जीवन में निषादराज, शबरी आदि के माध्यम से सामाजिक समरसता का आदर्श प्रस्तुत किया था उसी तरह राम मंदिर को लेकर चलाए गए अभियान में भी महंत अवेद्यनाथ जी ने दलितों, वंचितों को आगे लाकर सामाजिक समरसता को यथार्थ रूप में स्थापित किया।

*सामाजिक समरसता नाथपंथ का मूल : डॉ. पद्मजा सिंह

सम्मेलन में विषय प्रवर्तन करते हुए दीनदयाल उपाध्याय



पूरे विश्व की आवश्यकता है। सामाजिक समरसता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें अपने ऋषियों और संतों की उस परंपरा से प्रेरित होना होगा जिन्होंने हमें समरस और समर्थ समाज की विरासत दी थी। यह सबके लिए गौरवपूर्ण अनुभूति है कि समरस समाज के लिए नाथपंथ, इसके आभिर्भावक शिवावतार महायोगी गोरखनाथ और इस परंपरा के संवहन से अहर्निश एवं अद्यतन जुड़ी गोरक्षपीठ की मार्गदर्शक भूमिका इस लक्ष्य की ओर उन्मुख है।

प्रो. विश्वकर्मा मंगलवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 55वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 10वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों के सम्मेलनों की श्रृंखला के तीसरे दिन 'सामाजिक समरसता : महायोगी गोरखनाथ और नाथपंथ के विशेष संदर्भ सन्दर्भ मेंह्न विषयक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सभ्यता के प्रादुर्भाव काल से ही भारत पूरी दुनिया में अन्य देशों से बिल्कुल भिन्न रहा है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन से कहते हैं कि भारतवर्ष पूरे विश्व में श्रेष्ठतम है। इसका कारण यह है कि एकमात्र ऐसा देश है जिसके समाज का निर्माण ऋषियों, मुनियों एवं संतों की चिंतन परंपरा से हुआ है। संतों की चिंतन परंपरा ने ही मनुष्य को कहा कि संत विकृति के बाजार में संस्कृति की शंखनाद हैं। संत की भूमिका उस धोबी की है जो सत्संग के धोबीघाट पर मनुष्यों की कलुषता के दाग को धो डालता है। इस महत्वपूर्ण भूमिका के परिपेक्ष में देखें तो समाज में सबसे बड़ा योगदान हमें नाथपंथ की तरफ से देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि नाथपंथ के संतों ने सिर्फ सामाजिक आंदोलन का ही नेतृत्व नहीं किया है बल्कि स्वाधीनता के आंदोलन में भी समाज को सही दिशा दिखाई है। देश जब गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था, तब शिवावतार योगी गोरखनाथ के अनुयायी नाथपंथी योगी सारंगी लेकर समाज को जगाने के लिए निकल पड़े थे।

अस्पृश्यता के खिलाफ महंत दिग्विजयनाथ और महंत अवेद्यनाथ का योगदान अतुलनीय*

प्रो. विश्वकर्मा ने कहा कि गोरख पीठ के पेठाधीश्वरों ने सामाजिक समरसता को मजबूत करने मेंअथक प्रयास किए हैं। इस पीठ के ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज और महंत अवेद्यनाथ जी महाराज ने जातिवाद और अस्पृश्यता से मुक्ति के लिए जो योगदान दिए हैं, वह अतुलनीय हैं। महंतद्वय के नेतृत्व में आगे बढ़ा राम मंदिर का आंदोलन वास्तव में सामाजिक समरसता को भी प्रतिबिंबित करता है। जिस प्रकार गोरखपुर विश्वविद्यालय में प्राचीन इतिहास, पुरातत्व एवं संस्कृति विभाग की सहायक आचार्य डॉ. पद्मजा सिंह ने कहा कि सामाजिक समरसता नाथपंथ का मूल है। समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को मुख्य धारा में शामिल करने के लिए इसके कार्यों की विस्तृत श्रृंखला है। उन्होंने कहा कि भारत में सामाजिक पुनर्जागरण का शंखनाद महायोगी गोरखनाथ जी ने उस कालखंड में किया जब सामाजिक विखंडन तेजी से बढ़ रहा था। महायोगी गोरखनाथ जी ऐतिहासिक युग में भारतीय इतिहास के ऐसे पहले तपस्वी हैं जिन्होंने विशुद्ध योगी होते हुए भी सामाजिक चेतना का नेतृत्व किया। वास्तव में उन्होंने नाथपंथ का पुनर्गठन ही सामाजिक पुनर्जागरण और समरसता को बढ़ाने के लिए किया।

किसी के साथ भेदभाव नहीं करता नाथपंथ : सतुआ बाबा

सम्मेलन को संबोधित करते हुए काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा ने कहा कि नाथपंथ सबका और सबके लिए है।

यह पंथ किसी के साथ भेदभाव नहीं करता है। इसकी विशेषता को कोई भी गोरक्षपीठ आकर देख सकता है। गोरक्षपीठ न सदैव समाज को जोड़ने और समरसता बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी कदम उठाने का काम किया है।

# ईंट पत्थर से कुचलकर युवक की हत्या

औरैया, 17 सितंबर (हि.स.)। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में बाइक की चाभी को लेकर हुए विवाद में ईंट-पत्थर व लाठी-डंडे चले, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। बीच बचाव में युवक का भाई घायल हो गया है।

गांव बल्लमपुर के पास सबमर्सिबल पर सोमवार की शाम को कुछ लोगों ने खाने पीने का इंतजाम किया था। इसमें गांव बल्लमपुर निवासी सुनील कुमार व उसका छोटा भाई राकेश कुमार, उसी गांव के ही चन्दन के साथ सबमर्सिबल पंप पर खाने पीने के लिए पहुंचे। खाना पीना होने के बाद रात में जब चंदन ने राकेश से बाइक की चाभी मांगी तो राकेश ने चाभी खोने की बात कही। इसी बात को लेकर चंदन और राकेश में विवाद हो गया। बल्लमपुर गांव के पास स्थित चौराहे पर पहुंचते ही चंदन ने राकेश के ऊपर लाठी-डंडे व ईंट-पत्थर से मारना शुरू कर दिया, जिसमें राकेश की मौत हो गई। बीच-बचाव करने पर सुनील को भी चोटें आई। सूचना पाकर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

एसपी अभिजीत आर शंकर ने बताया कि अजीतमल कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी को पकड़ने के लिए तीन टीमों का गठन किया, जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## प्रभारी मंत्री ने 18 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा निर्मित आवासों के 20 लाभार्थियों को गृह प्रवेश हेतु चाबी वितरित की

हाथरस। मंत्री, महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग, उत्तर प्रदेश शासन प्रभारी मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने विकास भवन सभागार में 18 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र तथा गत वर्षों के निर्मित आवासों के 20 लाभार्थियों को गृह प्रवेश हेतु चाबी वितरित की। इसके साथ ही जनपद के सभी विकास खण्डों मेंजनप्रतिनिधियों द्वारा वर्ष 2024-25 में 35 स्वीकृत आवासों को स्वीकृति पत्र एवं 230 लाभार्थियों को गृह प्रवेश की चाबी वितरित की गई।

मंत्री ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के स्वप्न द्दष्टा, हम सभी के मार्गदर्शक यशस्वी प्रधानमंत्री को जन्मदिवस की हृदय से बधाई दी। परियोजना निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद को 53 आवासों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है,

जिसके सापेक्ष 53 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में रू 40,000/- की धनराशि प्रधानमंत्री द्वारा सिंगल क्लिक से ट्रान्सफर की गयी। इस मौके पर सांसद अनूप वाल्मीकि, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, विधायिका सदर श्रीमती अंजुला सिंह माहौर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता चौधरी, ब्लॉक प्रमुख मुरसान रामेश्वर उपाध्याय, जिलाधिकारी राहुल पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी साहित्य प्रकाश मिश्र, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, उप जिलाधिकारी सदर, जनप्रतिनिधिगण आदि मौजूद रहे।

## सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

### भाजपा युवा मोर्चा द्वारा लगाए रक्तदान शिविर का उद्घाटन करती प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य

हाथरस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं जनपद की प्रभारी मंत्री बेबी रानी मौर्य द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में सांसद अनूप प्रधान विधायक अंजुला माहौर , जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय का युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराग अग्निहोत्री द्वारा पटका वह प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि बेबी रानी मौर्य ने कहा कि देश के युवा इस उम्र में रक्तदान में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। अनुराग अग्निहोत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर तीन दिवसीय रक्तदान युवा मोर्चा द्वारा 17-19 तक चलेगा। जिसमें प्रथम दिन भाजपा कार्यालय पर शिविर लगा है 18-19 को पार्टी कार्यकर्ता सेवा भाव से रक्त दान करना चाहते हैं वो जिला बागला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान करेंगे। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ब्लॉक प्रमुख रामेश्वर उपाध्याय पूनम पांडे सोमेश यादव भोलू पंडित ऋतु गौतम नवनीत गौतम मानवेंद्र रोहन पाठक राज सिसोदिया अरुण उपाध्याय लोकेश जादौन राघव प्रशांत सिंह अंकुर सिसोदिया राज वार्ष्णेय अमन गुप्ता, भानु प्रताप आदि उपस्थित थे।

# अल्लीपुर महाविद्यालय के छात्रों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर इतिहास रचा

हरदोई, 17 सितंबर (हि.स.)। अल्लीपुर महाविद्यालय में लगातार दो वर्षों से लखनऊ विश्वविद्यालय के बी.एड. विभाग में सर्वाधिक अंक अर्जित कर स्वर्णपदक (गोल्ड मेडल) प्राप्त कर इतिहास रचा है। डॉ राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय अल्लीपुर हरदोई की मनीषा मिश्रा ने विश्वविद्यालय में बी.एड. में विभाग में सबसे अधिक अंक के योग्य अनुभवी, कुशल मार्गदर्शन के परिणाम स्वरुप यह सफलता प्राप्त हुयी। अल्लीपुर महाविद्यालय का इस सत्र का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। जिस बी.एड. का लगातार 11 वे वर्षों से सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होना कीर्तिमान है।

इस सेमेस्टर के बी.एड. में 97 ब परीक्षा में सम्मलित हुये, जिसमें से 94 बच्चों 80 प्रतिशत सम्बद्धन के समय अल्लीपुर महाविद्यालय को विभिन्न सत्रो में एम.एस-सी जन्तु विज्ञान में कमल प्रकाश व रुपाली दीक्षित को, एम.एस-सी. वनस्पति विज्ञान में एस.एस. त्रिवेदी को एम. एस-सी. रसायन विज्ञान में सुस्मिता को तथा एम.ए. शिक्षाशास्त्र भावना पाठक तथा अंजली सिंह को, बी.एस-सी. में जिज्ञासा तिवारी को कुल 12 गोल्ड मेडल प्राप्त हुये है।



तथा बी.एड. और एम.एड. मिलाकर सर्वाधिक अर्जित कर दो स्वर्णपदक प्राप्त किये।

दिपाली सिंह ने परास्नातक भौतिक विज्ञान (एम.एस-सी.) में लखनऊ विश्वविद्यालय के सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) प्राप्त किया। यह गोल्ड मेडल लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 67 वें दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल आनंदी बेन, शिक्षा मन्त्री योगेंद्र उपाध्याय, राज्य शिक्षा मन्त्री रजनी तिवारी एवं पदमभूषण डॉ विजय पांडुरंग भातकर पूर्व कुलाधिपति नालन्दा विश्वविद्यालय तथा प्रो. आलोक राय कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया। विगत सत्र में बी.एड. की फाल्गुनी अनिहोत्री ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। लखनऊ विश्वविद्यालय से 5 गोल्ड मेडल प्राप्त हुये।

संस्थान के निदेशक डॉ. शीर्षेन्दु शील "विपिन" स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शुभकामनायें देकर प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय से 5 गोल्ड मेडल तथा कानपुर विश्वविद्यालय के 12 गोल्ड मेडल कुल 17 गोल्ड मेडल प्राप्त होना महाविद्यालय के संस्थापक प्रबन्धक डॉ. सुशील चन्द्र त्रिवेदी "मधुपेश" के सदूर ग्रामीण परिवेश में प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक का शिक्षण प्रशिक्षण देकर संस्कारवान,राष्ट्र प्रेमी, स्वावलम्बी नागरिको का निमार्ण की संकल्पना का मूर्ति साकार स्वरूप हमारे सामने है।

बच्चों के कठिन परिश्रम और डॉ. शशिकान्त पान्डेय, डॉ रश्मि द्विवेदी, डॉ विवेक बाजपेई, आनन्द विशारद आदि शिक्षकों से अधिक तथा 3 बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। इस सेमेस्टर में बी.एड में प्रथम मनीषा देवी मिश्रा ने 82.50 प्रतिशत, द्वितीय प्रेरणा चन्द्रा, तृतीय नेहा बाजपेई रही। एम. एस-सी. भौतिक विज्ञान में प्रथम दिपाली सिंह ने 74.75 प्रतिशत, द्वितीय शिवानी मिश्रा, तृतीय अकीक परवेज रहे। बी.ए. में प्रथम अग्रिमा मिश्रा ने 86.83 प्रतिशत, द्वितीय प्रतिज्ञा श्रीवास्तव तृतीय साक्षी अग्निहोत्री रही। बी.एस-सी. में प्रथम मेध्या सिंह ने 84.50 प्रतिशत, द्वितीय शैलजा मिश्रा, तृतीय सक्षम त्रिपाठी रहे। बी.काम. में प्रथम हेमलता कश्यप ने 77.33 प्रतिशत, द्वितीय शक्ति त्रिपाठी, तृतीय अविरल बाजपेई रहे। एम.ए. अग्रेजी में प्रथम नित्या टण्डन, 72.21, द्वितीय कंचन कुशवाहा, तृतीय आकंक्षा रही। एम.ए. शिक्षाशास्त्र में प्रथम शिवांगी अग्निहोत्री ने 78.83 प्रतिशत, द्वितीय श्याम किशोर, तृतीय प्रवीण सिंह रहे। एम.एस-सी. जन्तु विज्ञान में प्रथम मुकेश कुमार ने 79.46 प्रतिशत, द्वितीय सुरभि अग्निहोत्री, तृतीय साक्षी सिंह रही।

एम.एस-सी. रसायन विज्ञान में प्रथम शिवम तिवारी ने 65.67 प्रतिशत, द्वितीय राम रतन रहे। एम.एस-सी. वनस्पति विज्ञान में प्रथम रजनीश ने 73.38 प्रतिशत, द्वितीय मनोज यादव, तृतीय कविता भारती रही। अल्लीपुर महाविद्यालय से बी.एड. कर चुके 73 प्रतिशत विद्यार्थी शासकीय, अनुदानित या अशासकीय बेसिक, माध्यमिक विद्यालयों में चयनित होकर गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण कार्य कर रहे हैं जो सफलता द्योतक है।

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से

शिक्षा क्षेत्र में उत्तम उपलब्धि के साथ ही शिक्षेणेत्तर कार्यो में कीर्तिमान स्थापित किये हैं। अन्तर्महाविद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता में महाविद्यालय की टीम विजेता है । वहीं बालिकाओं की खो–खो टीम अन्तर्महाविद्यालयीय खो-खो प्रतियोगिता में उपविजेता के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अल्लीपुर महाविद्यालय के बच्चों को बारम्बर पुरुस्कृत किया गया हैं। महाविद्यालय में आधुनिकतम सुविधा से सुसज्जित सभी विषयों प्रयोगशालायें तथा पुस्तकालय व वाचनलय बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक हो रहे हैं। महाविद्यालय परिसर सोलर और वाइफाई की सुविधा से युक्त है।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) द्वारा समाजिक भावना का जागरण किया जाता है । पर्यावरण प्रति संवेदशील भावना को जागृत करने के महाविद्यालय की भूमि पर द्वारा बाग लगाया गया जिसके पेड़ों को बच्चों द्वारा अपने अध्ययनकाल में देखरेख सेवा की जाती है। आगामी वैच के बच्चों अपना पेड़ सेवार्थ गोद दिया जाता है।

वर्तमान बाग में 34 प्रकार आम, 3 प्रकार आँवला, 9 प्रकार के अमरुद, बेल कटहल, आडू चीकू आदि के वृक्ष फलित हो रहे है। महाविद्यालय के छात्र व छात्राओं का प्रतिवर्ष शैक्षिक भ्रमण में हरिद्वार, वृन्दावन, आगरा, कोलकता आदि स्थलों भौगोलिक, सांस्कृतिक इतिहासिक और व्यवहारिक अध्ययन ज्ञानार्जन कराया जाता है। प्रेसवार्ता में संजीव अस्थाना, पारुल गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, अवन्तिका अस्थाना, अनूप सिंह, सुमन कुशवाहा, नीरज शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में ग्राम पंचायत की मेल आईडी में छेडछाड कर फर्जी तरीके से बाहरी लोगों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाला 1 अभियुक्त गिरफ्तार

## —पुलिस गिरफ्त में फर्जी तरीके से बाहरी लोगों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाला अभियुक्त

हाथरस।थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस एवं साइबर थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में ग्राम पंचायत की मेल आईडी में छेडछाड कर फर्जी तरीके से बाहरी लोगों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले 1 अभियुक्त को



गिरफ्तार किया गया है ,कब्जे से एक मोबाईल फोन,बैग व 14 जन्म प्रमाण पत्र बरामद हुए हैं।

अवगत कराना है कि दिनांक 14.08.2024 को वादी ईश्वरचन्द ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम सिचावली सानी थाना हसायन जनपद हाथरस द्वारा लिखित तहरीर के माध्यम से थाना हसायन पर सूचना दी कि उसकी तैनाती जनवरी 2024 से ग्राम पंचायत सिचावली सानी मे हुई ।ग्राम सिचावली सानी मे जन्म-मृत्यु पंजीकरण ग्राम जाऊ इनायतपुर की यूजर आईडी से हो रहा था ।

जन्म-मृत्यु पंजीकृण हेतु आई.डी का पासवर्ड मांगे जाने पर दिनांक 05.08.2024 को पासवर्ड प्राप्त हुआ था । आई.डी. को सी.आर.एस. पोर्टल पर खोलकर देखने पर ज्ञात हुआ कि दिनांक 11.07.2002 से उक्त आई.डी. से छेडछाड कर फर्जी तरीके से बाहरी व्यक्तियों के जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये गये है ।

प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना हसायन पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसके क्रम में दिनांक 17.09.2024 को पुलिस अधीक्षक हाथरस के आदेशानुसार फरार, वांछित अपराधियों की धरपकड हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ के कुशल नेतृत्व में थाना सिकन्द्राराऊ पुलिस एवं साइबर थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही मे दिनांक 01.09.2024 को एक आरोपी सोनालाल कुमार पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी वार्ड नम्बर 12 गाँव ढेकहा बालाटोला पोस्ट ढेकहा बाजार थाना पीपरा कोठी जनपद पूर्वी चम्पारण बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है तथा उक्त अभियोग में विवेचना के क्रम में अभियुक्त अरविन्द प्रसाद पुत्र सुभाष प्रसाद निवासी लक्ष्मीपुर बुजुर्ग थाना तमकुहीरा जनपद कुशीनगर का नाम प्रकाश में आया था । दिनांक 17.09.2024 को मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते उक्त अभियोग में प्रकाश में आये अभियुक्त अरविंद उपरोक्त को सरदला पुल फ्लाईओवर के नीचे से गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से एक मोबाईल फोन, बैग व 14 जन्मप्रमाण पत्रों की प्रतियाँ बरामद हुई हैं । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिकन्द्राराऊ पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त अरविंद द्वारा पूछताछ में अपने जुर्म का इकबाल करते हुए बताया कि वह जनपद कुशीनगर में ब्लॉक तयसोई में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था। वह पैसे लेकर मेल आईडी और पासवर्ड बेच देता था।

# मरम्मत कार्य के चलते आठ घंटे बिजली रही गुल

हाथरस। शहर के अलीगढ़ रोड स्थित लेबर कॉलोनी के पास 11 केवी के तारों की मरम्मत की गई।

इसके चलते शहर के करीब छह मोहल्लों में करीब आठ घंटे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही।शहरी क्षेत्र में लगातार विद्युत तारों को बदले जाने व मरम्मत कार्य किए जाने का सिलसिला जारी है।

इसके चलते लेबर कॉलोनी, खंदारी गढ़ी, नेहरू कॉलोनी, मुंशी गजाधर सिंह मार्ग आदि इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक विद्युत आपूर्ति ठप रही। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़।वही अलीगढ़ रोड पर 11 केवी की लाइन पर मरम्मतीकरण कार्य के दौरान ही एक बिजली का खंभा गिर गया। वह पास में लगे दूसरे खंभे पर जा टिका। खंभा गिरने से मौके पर खलबली मच गई।

# ईओ और चेयरमैन का किया पुतला दहन

हाथरस। करीब एक सप्ताह से अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस अपनी सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर काम बंद कर्मचारियोयं ने बताया कि सफाई कर्मचारी कोविड काल में किए गये कार्य का भुगतान मांग रहे हैं, साथ ही उनकी अन्य मांगे पुतला दहन के दौरान प्रदीप बाल्मीक, अशोक चैहान, हरीशंकर, राजेश कुमार, निक्की, नीलम, गीता, रामवीर,




हडताल पर हैं। कई बार वार्ता होने के भी कोई निष्कर्ष नहीं निकला है, इससे आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने सासनी नगर पंचायत पर ईओ और चेयरमैन का पुतला दहन किया।

पुतला दहन से पूर्व सफाई भी हैं। जिसे पूरी न होने पर सफाई कर्मचारियों ने काम बंद हडताल कर दी है।

वहीं नगर पंचायत अधिकारी कुंभकरणीय नींद में सफाई मजदूरों की मांगों को पूरा करने का विचार भी नहीं कर रहे है। आकाश, सोनू, पवन, वीरीसिंह, अनिल, कविता, पूजा, रजनी, कौशल, प्रमोद, दीपक, कुलदीप, सुरजीत, दयाचंद, नीरू, सूरजमुखी, शारदा, मंजू, आदि तमाम सफाई कर्मचारी आंदोलन में शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर लगाया गया रक्तदान शिविर

फिरोजाबाद देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस व निफा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप दुबे जन्मदिन दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत जोनल कोऑर्डिनेटर निफा ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, निःस्वार्थ मानवसेवा का कार्य है, जो किसी की जान बचा सकती है। यह न केवल दूसरों के लिए बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी तीन जिंदगियों को बचाने का कार्य करता है। एस. ए. ब्लड डोनेशन क्लब व निफा अंतरराष्ट्रीय संस्था मानवीय संवेदना के कार्यों में विगत कई वर्षों से सक्रिय हैं, और



एस. ए. ब्लड डोनेशन क्लब व निफा फिरोजाबाद द्वारा डॉ अमित गुप्ता रक्तवीर के नेतृत्व में ट्रामा सेंटर ब्लड बैंक व ग्लोबल चैरिटेबल ब्लड बैंक में एक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।। जिसमें 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया, 10 नए रक्तदाताओं ने अपना रक्त परीक्षण कराया जरूरत पड़ने पर रक्तदान करने के लिए तत्पर रहेंगे।।

जिसमें रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और रक्तदान किया।। रक्तदान शिविर का नेतृत्व कर रहे डॉ अमित गुप्ता रक्तवीर अध्यक्ष एस. ए. ब्लड डोनेशन क्लब, आगरा लाभकारी है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन कर गर्व की अनुभूति हुई। यह शिविर जीवन रक्षा और मानवता की ओर हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो समाज में संवेदनशीलता और मानव मूल्यों को सशक्त करता है। रक्तदान महादान की श्रेणी में आता है। रक्तदान से बढ़कर कोई भी पुनीत कार्य नहीं है। इस सेवा पखवाड़े में अपनी भूमिका निभाएं, किसी अंजान व असहाय जरूरत मन्दों के बहुमूल्य जीवन को बचाने की इस रक्तदान की मुहीम में सहयोग प्रदान करें, एक रक्तदाता निःस्वार्थ मानव सेवा के कार्यों में सदैव अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर अंजान, असहाय बेसहारा, जरूरतमन्दों की जिंदगी बचाने के लिए कार्य कर रहे हैं।। इस दौरान प्रमुख रूप से निफा के जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह निषाद, प्रवीण अग्रवाल, सतीश चंद्र प्रजापति, कनक अग्रवाल, अभय मित्तल, आलोक बाथम, विशाल मोहन यादव, मोहन बघेल टाईगर, हिमांशु वशिष्ठ, रीतेश आर्य, रश्मि कांत राठौर, श्रीमती रूबी गोला, सचिन गुप्ता, अतुल कुमार, पीयूष, पंकज सारस्वत, श्वेता बघेल सहित रक्तदाता उपस्थित थे।

# जिला उपभोक्ता संरक्षण समिति ने उपभोक्ता कोमेडिक्लेम की राशि दिलाई

फिरोजाबाद। जिला उपभोक्ता संरक्षण समिति ने उपभोक्ता को आईसीआईसीआई प्रोडेन्शिल बीमा कम्पनी से मेडिक्लेम की राशि दिलाई। पहले बीमा कंपनी ने क्लेम देने से साफ इंकार कर दिया था।

रामकुमार गुप्ता हुण्डा वाला बाग निवासी रामकुमार गुप्ता ने एक मेडिक्लेम पॉलिसी आईसीआईसीआई प्रोडेन्शियल जीवन बीमा कम्पनी से ली थी।

जिसकी वह 16000 रुपए प्रतिवर्ष किश्त जमा करता चला आ रहा था।

पॉलिसी की वैधता की तिथि 12 मार्च 2022 से 11 मार्च 2023 तक थी। बीमा कम्पनी ने 7 मार्च 2022 को ही वैधता तिथि समाप्त कर दी।

रामकुमार गुप्ता की घुटनों के दर्द की समस्या थी। उन्होने अपने घुटनों का आपरेशन 16 अक्तूबर 2022 को पीयूष न्यूरो सुपरस्पेशिलिट हास्पीटल जयपुर में कराया। आपरेशन में 410510 रुपया खर्च आया। उपभोक्ता रामकुमार ने सभी बिल बीमा कम्पनी को भुगतान को भेजे। बीमा कम्पनी ने मेडिक्लेम की धनराशि देने से इन्कार कर दिया।

पीडित उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता संरक्षण समिति की शरण ली। समिति ने भी दो पत्र बीमा कम्पनी को वीमित धनराशि अदा करने के लिए पत्र लिखे। उसके बाद भी बीमा कम्पनी ने क्लेम देने से साफ इन्कार कर दिया।

समिति के अध्यक्ष निर्मलकुमार जैन ने उक्त मामला जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग फिरोजाबाद के समक्ष प्रस्तुत कर दिया।

जैसे ही आयोग का नोटिस बीमा कम्पनी के पास पहुँचा बीमा कम्पनी बैकफुट पर आ गई। तथा समिति के अध्यक्ष निर्मलकुमार जैन पर वीमा कम्पनी का फोन आया तथा वीमा कम्पनी ने समझौता का प्रस्ताव रखा। उपभोक्ता रामकुमार गुप्ता एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण समिति की रजावन्दी पर वीमा कम्पनी ने 410000 रुपया अदा करने का फैसला लिया। उपभोक्ता का चैक न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग फिरोजाबाद में जमा करा दिया। समिति के अध्यक्ष शहर से बाहर होने के कारण चैक समिति के अध्यक्ष निर्मलकुमार जैन की उपस्थिति में न्यायालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष श्री डीडी ओझा ने 410000 रुपए का चैक 14 सितंबर 2024 को उपभोक्ता को दिया।

समिति के अध्यक्ष ने सुझाव दिया है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपनी मेडिक्लेम पॉलिसी ले रखी है उसकी किस्त समय से पहले जमा करते रहे जिससे क्लेम लेने में कोई बाधा उत्पन्न नहीं हो।

क्रोसर

आईसीआईसीआई प्रोडेन्शियल जीवन बीमा कम्पनी ने क्लेम देने से किया था इंकार

उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता संरक्षण समिति की शरण ली थी

# निजीकरण भारत छोड़ो के विरुद्ध अटेवा 26 को निकालेगा आक्रोश मार्च

शिकोहाबाद। अटेवा पेंशन बचाओ मंच फिरोजाबाद द्वारा पदाधिकारियों की एक बैठक मंडल अटेवा कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें निजीकरण भारत छोड़ो के विरुद्ध 26 सितंबर को आक्रोश मार्च निकालने का एलान किया गया।

बैठक की अध्यक्षता डॉ. राघवेंद्र सिंह यादव ने की। जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार कृष्णज के नेतृत्व में अटेवा कार्यालय पर सभी सदस्य एकत्रित हुए। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए अटेवा निरंतर संघर्षरत है। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सहयोग एवं समर्थन से पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा।

मीटिंग में अटेवा के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा के साथ सदस्यता अभियान पर भी जोर दिया गया।

बताया गया कि सदस्यता अभियान अपने अंतिम चरण पर है। जल्द से जल्द सभी सदस्यता ले। उन्होंने बताया आगामी 26 सितंबर को जिला मुख्यालय पर एनपीएस, यूपीएस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हेतु आक्रोश मार्च किया जाएगा जिसमे जनपद के हजारों शिक्षक कर्मचारियों द्वारा बाइक रैली निकाल कर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

जिला महामंत्री डॉ सहदेव सिंह चौहान ने कहा कि अटेवियन्स के संघर्ष द्वारा पुरानी पेंशन बहाली का मुद्दा जन आंदोलन बन चुका है। संघर्ष का ये दौर पुरानी पेंशन बहाली तक जारी रहेगा।

मंडल अध्यक्ष ने कहा कि अटेवा एक ऐसा संगठन है, जो पुरानी पेंशन की बहाली मात्र एक सूत्रीय विषय को लेकर संघर्ष कर रहा है। आने वाले समय में अटेवा पूरे देश में पेंशन बहाल कराएगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष डॉ. राघवेंद्र यादव,जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार कृष्णज,जिला महामंत्री डॉ सहदेव सिंह चौहान,जिला कोषाध्यक्ष गौरी शंकर विंद,जिला प्रवक्ता विनय यादव,जिला आईटी प्रभारी शिवम उपाध्याय,जिला संगठन मंत्री मिथलेश गोला व विकाश यादव,जिला संयुक्त मंत्री रामपाल यादव,चंदन यादव,अविनाश यादव,विमल यादव,अनुपम शर्मा,जय कुमार,शमशुद्दीन,संदीप राठौर,सुमन पांडे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# विस्फोट मामले में तीन के विरुद्ध मकदमा दर्ज

शिकोहाबाद। सोमवार रात दस बजे के करीब पटाखों के गोदाम में हुए विस्फोट में मृतक मीरा देवी के बेटा पवन कुमार ने थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पटाखों के निर्माण के लाइसेंस धारी भूरे उर्फ नवी अबदुल्ला सहित तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पवन ने थाने में तहरीर दी है जिसमें उसने कहा है कि आरोपी काफी समय से आतिशबाजी का काम करता है। उसका लाइसेंस आबादी से बाहर पटाखे बनाने का है। लेकिन आरोपी ने लाइसेंस में चिंहित स्थान पर आतिशबाजी भंडारण नहीं किया गया। वो यह काम घनी आवादी में कर रहा था। आरोपी ने अपने बेटे ताज व राजा के साथ मिलकर षणयंत्र के तहत अपने किराये के मकान के अंदर काफी मात्रा में वारूद इकट्ठा कर रखा था। आरोप है कि उक्त तीनों ने षणयंत्र के तहत मकान में रखे विस्फोटक पदार्थ में आग लगा कर भाग गये। जिससे काफी बड़ा विस्फोट हुआ। मीरादेवी, गौतम कुशवाह, अमन कुशवाह, कुमारी इच्छा, अभिनय की मकान के मलवे में दबकर मृत्यु हो गई। तथा एक भैंस और सात बकरी दब कर मर गईं। उसका कहना है कि आरोपियों ने भंडारण में आग हत्या करने के उद्देश्य से लगाई थी। घटना के बाद तीनों फरार हो गये। इस संबंध में एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर पटाखा लाइसेंस धारी व उसके दोनों बेटों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाई जायेगी।

# विस्फोट के बाद नौशहरा गांव में पसरा रहा सन्नाटा

## मंगलवार को पांच मौतें के गम में नौशेहरा में नहीं जले चूल्हे

शिकोहाबाद। नौशहरा में पटाखों के गोदाम में हुए विस्फोट के बाद दूसरे दिन गांव में सन्नाटा पसरा रहा। वहीं गांव में मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद दो शव पौने आठ बजे गांव पहुंचे। जिसमें 52 वर्षीय मीरा देवी और उसका बेटा 18 वर्षीय अमन के शव पहुंचे। जैसे ही शव पहुंचे वैसे ही रामलीला मैदान में ग्रामीणों के साथ ही आसपास के ग्रामीणों की जनता एकत्रित हो गई। गांव में पसरा सन्नाटा स्वजनों की चीख पुकार से टूट गया। इसके बाद लगभग दस बजे के करीब तीन शव आए। जिसमें 19 वर्षीय गौतम, 4 वर्षीय इक्षा और डेढ़ वर्षीय अभिनव शामिल रहे।

शवों के पहुंचते ही ग्रामीणों में आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों ने अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। जिसके बाद जिलाधिकारी रमेश रंजन, एसएसपी सौरभ दीक्षित, एडीएम विशु राजा,सीडीओ सत्रुहन वैश्य, एसपी ग्रामीण अखिलेश भदौरिया, एसडीएम विकल्प, सीओ प्रवीन कुमार के अलावा अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों की उपस्थित में शवों का अंतिम संस्कार दोपहर ढाई बजे कराया गया। इस दौरान बारिश ने व्यवधान उत्पन्न कर दिया। चार शव बच्चों के ग्रामीणों ने जेसीबी द्वारा गड्ढे खोद कर दफन करा दिये, लेकिन मीरादेवी के शव को मुखाग्नि उसके बड़े बेटा पवन ने दी। इस दौरान सभी लोगों की आखें नम रहीं।

# टहलने निकले भाजपा पार्षद को मारी गोली घायल

फिरोजाबाद, थाना लाइनपार के लेबर कॉलोनी पुल पर मंगलवार की प्रात कुछ लोगो ने टहलने के लिये निकलें भाजपा पार्षद को गोली मारकर घायल कर दिया पार्षद के पुत्र ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज करायी है घायल भाजपा पार्षद को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है

लेबर कॉलोनी निवासी भाजपा के नगर निगम पार्षद अलीम भोला मंगलवार की प्रात घर से रोजाना की तरह टहलने निकला, वह टहलते हुए लेबर कॉलोनी पुल के ऊपर पहुँच गये। जहाँ पहले से ही घात लगाये बैठे लोगों ने उन्हें पकड़ लिया, और पिस्टल से फायरिंग कर दी। जिसके फलस्वरूप एक गोली उनके पैर व पेट मे लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गये, फायरिंग की आबाज सुनकर उनके परिजन पहुँच गये। तब तक हमलावर भाग चुके थे। सूचना पर पहुंची पुलिस व परिजन उन्हें घायल अवस्था मे सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आये, जहाँ डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उन्हें भर्ती कर लिया, बाद में परिजन उन्हें किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गये।

घायल के पुत्र आबिद ने घटना की नामजद रिपोर्ट समीर उर्फ नन्ही पुत्र नसरुद्दीन और उसके भाई निजाम व ताजुद्दीन निवासी लेबर कॉलोनी थाना लाइन पार के खिलाफ दर्ज कराई है। पुलिस ने धारा 109 में मुकदमा पंजिकृत कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना की पृष्ठभूमि में पुरानी रंजिश बताई जा रही है

# जिला अस्पताल में तैनात 04 कर्मचारियों के कार्य पर लगाई रोक

फिरोजाबाद, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध जिला अस्पताल व सरकारी ट्रामा सेंटर में तैनात चार स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य पर कम्पनी ने रोक लगाते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा है

उत्तर प्रदेश के झाँसी की कम्पनी बाजपेयी ट्रेंडर्स द्वारा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से सम्बद्ध जिला अस्पताल व सरकारी ट्रामा सेंटर में कार्यरत चार स्वास्थ्य कर्मचारियों जिसमे ओटी टेक्नीशियन पद पर तैनात अंकित यादव पुत्र रघुवीर सिंह यादव तथा प्रहलाद सक्सेना पुत्र मुन्ना लाल सक्सेना ,अमित कुमार पुत्र नत्थू सिंह स्टाफ नर्स आउट सोर्स एवं वार्ड ब्याय शिवम सविता के कार्य पर रोक लगाते हुए उन सभी से स्पष्टीकरण मांगा है। बाजपेयी ट्रेंडर्स का कहना है, कि जिला अस्पताल के पत्र द्वारा जानकारी प्राप्त हुई है, कि आप लोगों के द्वारा एक बाहरी व्यक्ति के सहयोग से राजकीय ट्रामा सेंटर के ऑपरेशन थियेटर में शल्य क्रिया सम्पादित की जाती है।जिसकी जानकारी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक अथवा किसी विशेषज्ञ को नही दी जाती है। इस अनुचित शल्य क्रिया की मरीज से अवैध वसूली भी की गयी है। जो कि आप द्वारा रोगी के हित के विपरीत कृत्य के साथ अपनी कार्य सीमा का उलंघन दशार्ता है। इस प्रकरण को दृष्टिगत रखते हुए अग्रिम आदेश तक सेवायें बाधित की जाती है। पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है। इस सम्बंध में उक्त सभी स्वास्थ्यकर्मी अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

# साँड़ की टक्कर से बाइक सवार पीआरडी जवान घायल

फिरोजाबाद, थाना फरिहा क्षेत्र में मंगलवार की अपरान्ह सियाराम गार्डन के समीप साँड़ की टक्कर से बाइक सवार पीआरडी जवान घायल हो गया जिसे उपचार के लिये सरकारी ट्रामा सेंटर लाया गया चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दशा नाजुक देख उसे आगरा रेफर कर दिया

थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गाँव कटेना हर्षा निवासी 52 वर्षीय हरीशंकर पुत्र रामशरन पीआरडी जवान है, वह वर्तमान में थाना फरिहा में तैनात है, मंगलवार की अपरान्ह वह बाइक द्वारा कही जा रहा था। तभी रास्ते मे सियाराम गार्डन के समीप साँड़ ने बाइक में टक्कर मार दी, जिसके फलस्वरूप उसे गम्भीर चोटे आयी, दुर्घटना देख लोगो की भीड़ एकत्रित हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस उसे उपचार के लिये सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर आई, इधर उसके परिजन भी आ गये, चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद दशा नाजुक देख आगरा रेफर कर दिया।

# पुरानी रंजिश में हुआ भाजपा पार्षद पर जानलेवा हमला, नामजद भाइयों की तलाश में जुटी पुलिस

फिरोजाबाद, 17 सितम्बर (हि.स.)। थाना लाइनपार क्षेत्र में मंगलवार को भाजपा पार्षद पर जानलेवा हमला पुरानी रंजिश के चलते उनके ही मोहल्ले के तीन भाईयो ने किया। पुलिस घायल की तहरीर पर नामजद मुकदमा हमलावरों ने उन पर फायरिंग कर दी थी। गोली लगने से पार्षद गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल घायल पार्षद को उपचार हेतु सरकारी ट्रामा सेंटर की इमरजेंसी भिजवाया था। जहां से चिकित्सक ने पार्षद एएसपी सिटी रविशंकर प्रसाद ने बताया कि अलीम भोला मार्निंग वॉक पर जा रहे थे तभी इनके ही मोहल्ले के रहने वाले ताजुद्दीन, निजाम और समीर ये तीनो भाई है। इनकी अलीम से पुरानी रंजिश थी



दर्ज कर रही है साथ ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

थाना लाइनपार क्षेत्र के लेबर कालोनी निवासी अलीम भोला (48) नगर निगम फिरोजाबाद में पार्षद होने के साथ ही भाजपा नेता है। वह मंगलवार सुबह मार्निंग वॉक पर निकले थे तभी लेबर कालोनी स्थित ओवर ब्रिज पर अज्ञात की हालत नाजुक होने पर उन्हे उपचार हेतु आगरा रेफर कर दिया। घायल के बेटे आविद ने बताया कि उनके पिता पर मार्निंग वॉक पर जाते समय हमला हुआ है।

एएसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद और थाना पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ ही परिजनों से पूछताछ की थी। जिसको लेकर इन्होंने अलीम पर फायरिंग कर दी।

गोली अलीम के पैर में लगी है। अलीम की तहरीर पर नामजद मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया है।

जल्द ही मामले की जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# मंगलवार को रही गणेश विसर्जन की धूम

जसराना। गणेश चतुर्थी से शुरू हुआ गणेशोत्सव का पाढ़म एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सैकड़ों जगह गणपति पांडाल द्वारा शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। इस दौरान डीजे एवं



मंगलवार को समापन हो गया। लोगों ने विधि विधान के साथ भगवान गणपति की प्रतिमाओं का नहरों एवं तालाबों में विसर्जन किया। इस दौरान शोभायात्राएं भी निकाली गईं। एहतियात के तौर पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी भी विसर्जन स्थलों पर तैनात रहे।

जसराना के साथ कस्बा लगाए गए थे। वहीं घरों में भी भक्तों द्वारा गणपति की स्थापना की गई थी। ग्यारह दिनों तक सुबह एवं सायं पूजा अर्चना करने के बाद मंगलवार को गणपति को विदा किया गया। गणेश भगवान की प्रतिमा के विसर्जन से पूर्व उनकी शोभायात्राएं भी निकाली गई। कस्बा जसराना में कई भक्तों बैंड की धुनों पर युवाओं एवं महिलाओं ने जमकर अबीर और गुलाल उडाया। जसराना के चौपला बंबा के साथ खडीत, पटीकरा, बडा गांव एवं जाजूमई और मुस्तफाबाद नहर पुलों पर गणपति का विसर्जन किया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाए जाने जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन ऑनलाइन परीक्षा के रजिस्ट्रेशन की तिथि अब 25 सितम्बर तक:- अश्वनी जैन

फिरोजाबाद:- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन के रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 सितम्बर से बढ़ कर 25 सितम्बर 2024 हो गई है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन,वीवीएम के राज्य मीडिया समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने ब्रज प्रान्त के सभी जिला समन्वयक से विद्यार्थी विज्ञान मंथन के नामांकन में वृद्धि के लिए आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के पहले स्तर की परीक्षा दिनाँक 23 अक्टूबर 2024 और 27 अक्टूबर 2024 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 15 नवंबर, 2024 को होगी। राज्य स्तरीय परीक्षा 08, 15 और 22 दिसंबर, 2024 में से किसी एक दिन होगी एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 17 और 18 मई, 2025 को प्रस्तावित है। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 20 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य




स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर में प्रत्येक कक्षा से शीर्ष दो छात्रों यानी प्रत्येक राज्य से कुल 12 छात्रों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। छात्र अधिक जानकारी ॅ३३स्र२://५५.ड्ढ१.ल्ल/१ॅ२३ी१ पर कर सकते हैं। उन्होंने ब्रज प्रान्त के सभी जनपदों के समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्यगणों से अपील की है कि अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि करें।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रशान्त वशिष्ठ के लिये पुष्प प्रिंटर्स, बौधाश्रम फिरोजाबाद से छपकर कार्यालय दैनिक सच क्या है बौधाश्रम फिरोजाबाद से प्रकाशित।
सम्पादक- छीतरिया शर्मा
फोन नं. 05612297399. 9411927251, 9259041013, 9997830502
E-mail fzd@suchkyahai.com
suchkyahai@gmail.com
suchkyahai87@gmail.com